हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 11 नवंबर 2024

तापमान
अधिकतम 30.3 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

10 बगौर रॉयल्टी परिवहन कर रहे पांच हाईवे पर कार्रवाई



11 रानी अहिल्या बाई महिलाओं व शोषित वर्ग के लिए किए कार्य अनुकरणीयः डॉ. वर्मा





# ग्रामीण व्यवस्था और एजुकेशन हब की बारीकियों को जाना प्रशिक्षु अफसरों ने

**भिलाई निगम में 11 प्रशिक्षु आईएएस, आईपीएस ने लिया प्रशिक्षण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर नगर निगम भिलाई में 11 भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को नगर निगम भिलाई द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। वाटर फिल्टर, कचरा निष्पादन से लेकर निगम के कार्यों को देखा और समझा। प्रमुख रूप से असिस्टेंट कलेक्टर एम भारद्वाज, सीईओ जिला पंचायत एवं आयुक्त बजरंग दुबे द्वारा शासन के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षु अफसरों ने सवाल किए। जिनका जवाब भी सरल तरीके से ट्रेनी अधिकारियों ने दी।

### जिले की भौगोलिक स्थिति को समझा अफसरों ने

दुर्ग जिले की भौगोलिक स्थिति क्या है। शहर क्यों प्रसिद्ध है। विशेष कर भिलाई स्टील प्लांट के कारण इंडस्ट्रियल बेल्ट है। एजुकेशन हब है। कृषि आधारित ग्रामीण व्यवस्था है। दुर्ग जिले का अपना एक ऐतिहासिक महत्व है। इत्यादि बारे में बताया गया। तत्पश्चात सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कचरा निष्पादन की तकनीकी के बारे में बताया गया। किस प्रकार से घर-घर, दुकान, मार्केट एरिया इत्यादि जगहों से कचरा कलेक्शन किया जाता है। उसे कैसे सैरीगेट किया जाता है। किस प्रकार से कचरे का रि-सायकिलिग किया जाता है। इस संबंध में प्रशिक्षु अफसरों को जानकारी दी गई। इसके अलावा शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया गया।



भिलाई 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट की प्रक्रिया को समझते हुए प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी।

### एसएलआरएम सेंटर में प्रेक्टिकल रूप से देखा कचरों का निष्पादन

प्रशिक्षु अधिकारियों को एसएलआरएम सेंटर ले जाकर के प्रैक्टिकल रूप से कचरों का निष्पादन के बारे में बताया गया। वहां कार्य कर रही समूह के महिलाओं से बहुत सारे प्रश्नों का जवाब उन्हें प्रैक्टिकल के रूप में मिला। सेंटर में कचरा किस तरह आता है और उसका सेंटर में कैसे छंटाई आदि का कार्य होते हैं यह भी देखा।

### 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट की प्रक्रिया देखी

प्रशिक्षु अधिकारियों ने भिलाई का प्रमुख वाटर सप्लाई सिस्टम 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट को देखा। किस प्रकार से शिवनाथ से पानी आता है और उसको नगर निगम भिलाई द्वारा विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से पीने के योग्य बनाते हैं। जल शुद्धिकरण के तौर तरीके से वाकिफ हुए। जोन के अनुसार विभिन्न पानी के टंकियां के माध्यम से सप्लाई किया जाता है। सभी की जानकारी उन्हें व्यवस्थित ढंग से दी गई। यह सुनकर के उन्हें आश्चर्य हुआ की 45 मिनट कई प्रक्रियाओं प्रक्रिया के बाद पानी पीने की योग्य बनता है।

### ये प्रशिक्षु अधिकारी हुए शामिल

इस प्रशिक्षण में 11 प्रशिक्षु अधिकारी शामिल हुए। जिसमें अमृता संदीपन, विष्णु शशि कुमार, शालिनी सिंह, हेमंत सिंह, अर्चना पी पी, कार्तिक राजा के एम,जे आशिक हुसैन, हर्षित सिंह, आयुष अग्रवाल, सूरज केएल, किरण, सलोनी छाबड़ा शामिल हुए । प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जोन आयुक्त सतीश यादव, अजय सिंह राजपूत, रूपेश कुमार पांडे जनपद पंचायत दुर्ग आशुतोष दुबे, असिस्टेंट डायरेक्टर औद्योगिक सुरक्षा स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, अभियंता संजय अग्रवाल, बृजेश श्रीवास्तव, विनीता वर्मा, दीपक देवांगन, अर्पित बंजारे द्वारा आवश्यक जानकारी दी गई।

---

## खबर संक्षेप

### सट्टा के ठिकाने पर दबिश 6 गिरफ्तार

**भिलाई।** बड़े पैमाने पर चल रहे सट्टे का अवैध कारोबार करने वाले अड्डे में पुलिस ने दबिश दी। जहां से पुलिस ने महिला युवक समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। छावनी सीएसपी हारिश पाटिल और उनकी टीम 8 नवंबर की दोपहर 18 नंबर रोड पहुंची। जहां पूर्णावती उर्फ भद्रकाली के घर में दबिश दिया। दोनों थाना प्रभारी जामुल टीआई, छावनी थाना प्रभारी चेतन चंद्राकर भी ने पुलिस की टीम के साथ दरवाजा खुलवाकर अंदर घुसे। मकान के भीतर काफी संख्या में लोग जमा थे। मौके से पुलिस ने यहां से 40 हजार 500 रुपए और सट्टा-पट्टी का हिसाब का कॉपी जब्त किया है।

### छबिप्रकाश जाएगा दार्जिलिंग

**चारभांठा।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र छबिप्रकाश मानिकपुरी का चयन छत्तीसगढ़ राज्य स्काउट गाइड पर्वतारोहण व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर के लिए हुआ है। वह शिविर में भाग लेने दार्जिलिंग जाएंगे।उनका चयन होने पर शाला परिवार ने उन्हे बधाई दी है।

### माता देवाला यात्रा 15 को

**चिचोला।** विधायक दलेश्वर साहू द्वारा शुरू की गई माता देवाला दर्शन यात्रा का तीसरा चरण आगामी 15 नवंबर को चैतुबाबा मंदिर से शुरू होगा। उल्लेखनीय है कि गांव के देवी देवताओं के इतिहास, महत्व आदि ने वर्तमान पीढ़ी को अवगत कराने के लिए यह यात्रा शुरू की गई है जिसकी शुरूवात बीते माह विधानसभा मुख्यालय से किया गया था। तीसरे चरण में दर्शन यात्रा चैतुबाबा मंदिर से शुरू होकर बेल्हरी, पुरैना, अन्य नवागांव से रूवातला तक जाएगी। यहां यात्रा का समापन होगा। इस मौके पर जस सम्राट दिलीप षड़गी का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजकों ने ग्रामीणों ने शामिल होने का आव्हान किया है।

---

**खुल रही है पोल : भिलाई निगम परियोजना शाखा का एक और कारनामा**

# भिलाई क्षेत्र उद्यानों के कचरा निष्पादन उपकरण खरीदी में भी खेला, निविदा में नियम दरकिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हरिभूमि लगातार

भिलाई निगम में निविदा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। भिलाई निगम परियोजना शाखा ने एक और निविदा में नियमों को दरकिनार कर दिया। भिलाई क्षेत्र के उद्यानों से निकलने वाले कचरे के संग्रहण और निष्पादन के लिए कई सामान खरीदी करने निविदा जारी की गई। इस निविदा में जैम पोर्टल से खरीदी नहीं की गई। तय निविदा की एसओआर राशि में नॉन एसओआर राशि को जोड़कर के निविदा बुलाई गई। कुम्हारी निगम में इसी तरह की उपकरण खरीदी में नियम व शर्तें अलग होने से यह स्थिति निर्मित हुई है।

**निगम एक पर 2.75 करोड़ की खरीदी में नियम-शर्तें अलग-अलग**



### इस तरह सामान खरीदी में नियम दरकिनार

सूत्रों के मुताबिक भिलाई निगम परियोजना शाखा द्वारा ई- निविदा क्रमांक 158833 में विसंगति बताई जा रही। ई निविदा की राशि 99, 99, 328 रुपए की है। 19 सितंबर 2024 को यह निविदा बुलाई गई। जिसमें पीडब्ल्यूडी के एसओआर से 78,42,928 रुपए और शेष 21,56,400 रुपए नॉन एसओआर आइटम के अंतर्गत लिया गया। जबकि शासन के आदेशानुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का जारी पत्र क्रमांक 1692/2018/18 दिनांक 16/3/2018 के मुताबिक सामग्री क्रय जैम पोर्टल के माध्यम से ही किया जाना आदेशित है।

### इन सामान की खरीदी की

भिलाई निगम परियोजना शाखा द्वारा उद्यानों से निकलने वाले कचरे का संग्रहण व निष्पादन के लिए कम्पोस्ट पीट, शेड, आरडब्ल्यूएच निर्माण और अन्य आवश्यक सामग्री खरीदी की गई। इन सामग्री खरीदी में बड़ा खेला किया गया। पूरे मामले में शासन के निर्देशों का पालन नहीं हुआ। जिस तरह से निविदा की नियम व शर्तों को संबंधित विभागीय अधिकारी अपने हिसाब से तोड़-मरोड़ कर रहे हैं उससे कई निविदाकार स्वयं ही बाहर हो रहे हैं। स्थानीय निविदाकारों को भिलाई निगम में निविदा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। दीगर स्थानों के निविदाकारों को इसका फायदा मिलने लगा है जिससे सरकार की स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने की बात भी अफसर नहीं मान रहे है।



फाइल फोटो

### निविदा में 2.75 करोड़ विसंगति की हुई शिकायत

भिलाई निगम में 2.75 करोड़ की खरीदी नियम विरूद्ध होने की शिकायत की गई। पूर्व पार्षद ललित मोहन ने इस मामले की शिकायत भिलाई निगम आयुक्त से की। इसकी प्रतिलिपि भी उन्होने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास , लोकायुक्त छत्तीसगढ़ शासन, संभागायुक्त दुर्ग और कलेक्टर दुर्ग को भेजी गई है। साथ में भिलाई निगम और कुम्हारी नगर निगम द्वारा जारी निविदा की शर्तें बतौर साक्ष्य लगाई गई है।

### आयुक्त नहीं होने से जांच शुरू नहीं

भिलाई निगम के तत्कालीन निगम आयुक्त डीके ध्रुव के तबादले के बाद प्रभारी आयुक्त बजरंग दुबे बनाए गए थे। दुबे को शासन ने जिला पंचायत दुर्ग का सीईओ बना दिया और उन्होने कार्यभार भी ले लिया है। हालांकि दुबे दोनों जगह का काम देख रहे हैं। भिलाई निगम के नए आयुक्त राजेश पांडेय यहां स्थानांतरित हुए है लेकिन उन्होने अब तक कार्यभार नहीं लिया है। लिहाजा शिकायतों पर जांच नहीं शुरू हो पा रही है।

### भिलाई निगम में पहले भी खरीदी पर मिली थी अनियमितता

भिलाई निगम में पहले भी मशीनरी खरीदी, एलईडी स्ट्रीट लाइट खरीदी, डीजल घोटाला, स्टेडियम निर्माण व अन्य निर्माण कार्य आदि में अनियमितता होती रही हैं। मामले की जांच के बाद संबंधित अधिकारियों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। संलिप्त अधिकारियों का तबादला जरूर हुआ। इससे जो अधिकारी ऐसे मामले में जिम्मेदार रहे हैं उनके भी हौसलें इसलिए बुलंद है कि उनका ज्यादा से ज्यादा ट्रांसफर ही किया जा सकता है। कमीशनखोरी इतनी ज्यादा हावी है कि पारदर्शिता की बात बेमानी हो गई है। भिलाई निगम के पार्षद इन मुद्दों को उठाते रहे है।

---

## पेट्रोल पंप से चोरी हुआ हाइवा मिला, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** पेट्रोल पंप से हाइवा चोरी करने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि नेहरुनगर स्थित चन्दू लाल चन्द्राकर अस्पताल के पास स्थित पेट्रोल पंप है। लक्ष्मी नगर सुपेल निवासी अनिल कुमार राय 31 अक्टूबर को हाइवा सीजी 08 व्ही 1058 को चन्दूलाल चन्द्राकर अस्पताल नेहरू नगर के बगल पेट्रोल पंप में खड़ी किया था। जिसे अज्ञात ने चोरी कर फरार हो गए थे। शिकायत पुलिस में किया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला खंगालना शुरु किया। मुखबिर ने पुलिस को बताया कि हाइवा ग्राम ढाबा(बोरी) रोड में खराब होने से खड़ी पड़ी मिली। आरोपी दनिया बोरी हाल पता पदुम नगर भिलाई तीन हरीश यादव और ग्राम परसदापार पोस्ट नवागांव थाना बोरी हेमराज साहू के कब्जे से जब्त किया।

## नशे में धुत आरक्षक को एसपी ने किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

आरक्षक नवनीत कलसी को एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने सस्पेंड कर दिया है। आरक्षक पर ये कार्रवाई झूठ बोलकर अवकाश लेने और चौक चौराहों में लोगों से और दंपति से विवाद करने पर की गई है। मामले में खुर्सीपार पुलिस ने आरक्षक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि आरक्षक नवनीत कलसी पुलिस लाइन में पदस्थ है। उसकी ड्यूटी मौखिक आदेश पर रानीतरई थाने में लगाई गई थी। दीपावली के दौरान वो बीमार होने का बहाना बनाकर अवकाश पर अपने घर खुर्सीपार आ गया था। तीन नवंबर को मातर का त्यौहार होने से शहर में काफी भीड़भाड़ का माहौल था। छावनी सीएसपी पेट्रोलिंग पर थे। उन्हें पता चला कि डबरापारा ओवर ब्रिज के नीचे कुछ लोग आपस में विवाद कर रहे हैं। जहां जाम लग गया है। सीएसपी तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि तीन -चार युवक आपस में मारपीट कर रहे हैं। आरक्षक को डंडा लेकर आरोपियों को भागने का निर्देश दिया। इसी दौरान शराब के नशे में आरक्षक नवनीत कलसी आया और सीएसपी के हमराह आरक्षक से डंडा छीन लिया। लोगों को मारने लगा। इस पर कलसी ने बताया कि वो दुर्ग पुलिस का आरक्षक है। अवकाश छुट्टी पर है। इस पर सीएसपी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि बीमारी की अवकाश पर होने के बाद भी यहां विवाद , मारपीट कर रहे हो सस्पेंड करा दूंगा। इस बात पर आरक्षक वहां से भाग निकला। दो आरोपियों को पकड़कर भिलाई तीन पुलिस ने कार्रवाई की।

■ **झूठ बोलकर लेता था अवकाश और आरक्षक करता था चौक-चौराहे पर विवाद**

### दंपती को धमकाया

पुलिस ने बताया कि मातर के दौरान का विवाद शांत होने के बाद अगले दिन 4 नवंबर की देर शाम डबरापारा ब्रिज के पास रायपुर के निवासी दंपति खड़े होकर किसी का इंतजार कर रहे थे। तब खुर्सीपार टीआई अंबर सिंह भारद्वाज पहुचे और उनसे कहा कि सुनसान जगह रुकने से कोई अनहोनी होने का खतरा है। टीआई जैसे ही समझाइश देकर दंपत्ति को निकले। इसके तुरंत बाद आरक्षक नवनीत कलसी पहुचा। खडे दंपति को धमकाना शुरू कर दिया। जब दंपति ने उसका विरोध किया तो उसने खुद को पुलिसवाला बताकर मारपीट शुरू कर दी। जानकारी मिलने पर छावनी सीएसपी पहुंचे थे। खुर्सीपार पुलिस ने दंपति की शिकायत पर आरक्षक पर जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी ने इसकी रिपोर्ट दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला को भेजी। जिसे लेकर एसपी ने 9 नवंबर को आरक्षक को सस्पेंड कर दिया है।

---

**टीएल में शिकायत के बाद कलेक्टर ने दिए थे निर्देश**

## सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों पर की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

कलेक्टर टी एल में शिकायत की गई थी, कि सड़क के किनारे शिवाजी चौक नेहरू नगर में स्थित 90 कैफे, वडक्कम, एवं उसके इर्द-गिर्द स्थित रेस्टोरेंट में बेतरतीब गाड़ियां खड़ी हो जाती हैं। जिससे आवागमन बाधित होता है। इसकी शिकायत कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से टीएल के समय की गई थी। यह जानकारी मिलते ही निराकरण के लिए नगर निगम भिलाई का तोड़फोड़ दस्ता, यातायात विभाग, एवं सुपेला थाने से पुलिस बल के सहयोग लेकर के गाड़ियों को हटवाया गया। बहुत सारे युवा वर्ग, पारिवारिक लोग एवं अन्य ग्राहक ग्राहको की भीड़ लगी रहती है। जो भी लोग खाने के लिए वहां पर आते हैं । अपनी गाड़ियां इधर-उधर खड़ा कर देते हैं। सड़क जाम हो जाता है इससे आवागमन बाधित होता है ।उसी को रोकने के लिए बेतरकीब गाड़ियां खड़ी होने के कारण दुकानों से 2500 की चालानी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई शिवाजी चौक से होते हुए केपीएस चौक तक कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान जोन के राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी, शशांक सिंह, राजेश गुप्ता, इमान सिंह कन्नौज, नंदू सिन्हा, तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, निरंजन असाटी, कन्हैया यादव, मंगल जांगड़े, विष्णु सोनी खेमलाल, गवकरण, आदि उपस्थित रहे।

---

**हड़ताल से स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ ने स्वयं को किया अलग**

# नगरीय निकाय कर्मचारियों की हड़ताल से पहले ही रार!

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

निगम कर्मचारियों के हड़ताल से पहले ही रार की स्थिति निर्मित हो गई है। नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ ने 12 से 14 नवंबर तक प्रदेशव्यापी नगरीय निकायों में हड़ताल का ऐलान किया है। हड़ताल की सफलता के लिए कर्मचारियों से फार्म भी भरवाएं जा रहे हैं। तीन दिवसीय हड़ताल को लेकर निगम कर्मचारियों से जुड़ा पुराना संगठन समर्थन में नहीं है। यानी इस हड़ताल में इस संगठन के कर्मचारी शामिल नहीं होंगे। स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ पंजीयन क्रमांक 494 के महामंत्री शरद दुबे ने स्वयं को हड़ताल से अलग करने का पत्र भी नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव हो लिखा है।

### इन 6 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी हड़ताल पर

हरिभूमि सरोकार

नगरीय निकाय कर्मचारियों का हड़ताल छह सूत्रीय मांगों को लेकर है। जिसमें लंबित वेतन भुगतान सहित 1 तारीख को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भुगतान सुनिश्चित हो। नगरीय निकायों में प्लेसमेंट ठेका पद्धति शीघ्र ही समाप्त किया जाए । नगरीय निकायों में ओल्ड पेंशन योजना शीघ्र ही लागू किया जाए। नगरीय निकायों में मृतक कर्मचारी के परिवारो के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति शीघ्र ही प्रदान करें। नगरीय निकायों में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को शीघ्र ही पदोन्नति मिले। छठवें एवं सातवें वेतनमान की एरियर राशि का भुगतान शीघ्र किया जाए।

**नवयुक्त कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी हड़ताल की रणनीति बनाते हुए**



### इस आश्वासन पर पहले की थी हड़ताल समाप्त

नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी संगठन ने तीन दिवसीय हड़ताल दो दिवस में संचालक नगरी प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया था। इसी कारण विभागीय मंत्री ने समय पर वेतन भुगतान हेतु नगर निगम एवं नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया था। उसके बाद भी वेतन समय पर भुगतान नहीं होने पर नवयुक्त कर्मचारी संगठन ने पुनः हड़ताल की घोषणा की है। जिसकी शुरुवात आने वाले समय में नगरीय निकाय चुनाव पर असर होगा।

### एक तारीख को वेतन भुगतान आदेश का पालन नहीं

नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राजेश सोनी व प्रांतीय उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी ने बताया कि नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव द्वारा 26 एवम 27 सितंबर समीक्षा बैठक में 1 तारीख को वेतन भुगतान करने नगरीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इसके बावजूद भी नगरीय निकायों में आज की स्थिति में 1 तारीख को वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिससे नगरी निकाय के कर्मचारियों में रोष है।

---

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप



### सदस्यों ने नगर कीर्तन का किया स्वागत

दुर्ग। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर नगर कीर्तन का नव दृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों ने जलाराम मिष्ठान के सामने स्वागत किया। एकत्रित सदस्यों ने नगर कीर्तन की अगुवाई कर रहे पंज प्यारों को फूल माला पहना कर आशीर्वाद लिया व श्री गुरु ग्रन्थ साहेब पर पुष्प वर्षा कर माथा टेका एवं समाज के उत्थान हेतु अरदास की। दृष्टि फाउंडेशन की ओर से कुलवंत भाटिया, हरमन दुलई, राज आढ़तिया, रितेश जैन, जितेंद्र हासवानी, सत्येंद्र राजपूत, सुरेश जैन, राजेश पारख, मोहित अग्रवाल, नत्थू अग्रवाल आदि शामिल थे।

### आंवला नवमीं पर किया गया नारायण कीर्तन



दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में संत आसाराम बापू के हरि ओम साधक आश्रम समिति के कोषाध्यक्ष शिवकुमार चापले के निवास शिवाजी नगर खुर्सीपार भिलाई में कार्तिक मास व आंवला नवमीं में निमित्त सदगुरू के जीवन पर आधारित पाठ, नारायण नाम का करतल जाप, पूजा, भजन कीर्तन किया गया। कार्यक्रम में खुर्सीपार पार के अलावा भिलाई, दुर्ग, बोरसी के साधक साधिकाएं शामिल हुए। अंत में आरती महाप्रसादी के साथ समापन किया गया। यह जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

### रविंद्र लूणिया के पार्थिव शरीर का दान किया

दुर्ग। राजीव नगर निवासी एवं



शंकरनगर जैन श्रीसंघ के उपाध्यक्ष रविन्द्र लुणिया का शुक्रवार को नागौर राजस्थान में निधन हो गया। श्री लुणिया राजनांदगांव निवासी शांतिलाल कोठारी द्वारा ले जाए गए संघ धार्मिक यात्रा में शामिल थे। श्री लुणिया स्व. जुगराज लुणिया के पुत्र थे। उनकी अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए परिजनों द्वारा उनके पार्थिव शरीर का दान जोधपुर मेडिकल कॉलेज में कर दिया गया, ताकि मेडिकल के विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन का लाभ मिल सके। इससे पहले उनके पुत्र एवं पुत्री से सहमति ली गई और उनके सलाह के अनुसार ही देहदान किया गया। देहदान से पहले मृतक के नेत्रदान भी किया गया। शारदा लुणिया ने बताया कि कि मेरे पुत्र व पुत्री छत्तीसगढ़ में हैं और उनकी सहमति पर एवं तीर्थ यात्री संघ के सहयोग से देहदान का निर्णय लिया गया। डॉ संजीव जैन एवं नवदृष्टि फाउंडेशन छत्तीसगढ़ से फनेन्द्र जैन स्वयं उपस्थित होकर पूरी प्रक्रिया संपन्न करवायी। नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से अनिल बल्लेवार, कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी, मुकेश आढ़तिया, हरमन दुलई, रितेश जैन, जितेंद्र हासवानी आदि ने श्री रविन्द्र लुनिया को श्रद्धाँजलि दी।

# मनमाना किराए पर लगेगी लगाम, स्टैंड और बसों में सूची चस्पा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मनमाना किराया वसूली पर अंकुश लगाने और यात्रियों को किराया दर की जानकारी देने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा परिक्षेत्र अंतर्गत सभी बस स्टैंड में किराया सूची चस्पा की गई है। इस सूची के लग जाने से यात्रियों को अपने गंतव्य का किराया मालूम हो रहा है। दुर्ग परिवहन विभाग द्वारा बस स्टैंड और करीब डेढ़ सौ से अधिक बसों में सूची चस्पा करा दी गई है

वहीं वरिष्ठ नागरिकों सहित दिव्यांगजनों को मिलने वाली छूट का उल्लेख भी बैनर के माध्यम से किया गया है। अक्सर बस में सफर करने वालों से अधिक किराया लेने की शिकायत मिलती रहती है। जबकि किराया तय होने के बाद भी बस ऑपरेटरों द्वारा अपने निर्धारित दर के अनुसार ही किराया लिया जाता रहा है, लेकिन अब बस ऑपरेटर द्वारा यात्रियों से अधिक किराया वसूल नहीं किया जा सकेगा। इसको लेकर परिवहन विभाग ने सभी बस स्टैंड पर किराया सूची चस्पा करवा दी है। जिसमें किलोमीटर के अनुसार किराये दर की जानकारी भी दी गई है। लंबे समय से बस यात्रा में छूट नहीं मिलने की शिकायत कर रहे नक्सल पीड़ित परिवार के लोगों को भी जब इस के सफर में 90 प्रतिशत किराये की छूट मिलेगी। इसके लिए सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र यात्रा के दौरान दिखाना होगा।

## हर किमी के हिसाब से दर तय, अधिक वसूली पर होगी कार्रवाई

### दिव्यांगों की यात्रा होगी निःशुल्क

परिवहन विभाग द्वारा नियमों के अनुसार वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को छूट नहीं मिलने के मामले में भी पहल करते बस स्टैंड में लतार बाए किराया सूची में 100 प्रतिशत छूट मिलने वाले व्यक्तियों की जानकारी दी गई है। जिसमें दृष्टिहीन, दोनों पैरों से चलने में असमर्थ दिव्यांग, बौद्धिक दिव्यांग, 40 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन और एचआईवी पीड़ितों को निशुल्क यात्रा विए जाने का बोर्ड लगाया है।





### बसों का किराया निर्धारित

परिवहन विभाग द्वारा सुपर लग्जरी एसी बउ, डीलक्स बस सेवा, साधारण बस सेवा उहित दिन और रात्रिकालीन सफर के अलग-अलल किराया दरों का उल्लेख किया गया है। जिसमें साधारण चस सेवा के लिए लगमत्र 5 किलोमीटर की दूरी पर 750 रुफर और लग्जरी बसों के लिए 875 रुपार निधधारित किया गया है।

### सभी बस स्टैंड में चस्पा की गई सूची

परिवहन विभाग द्वारा बस स्टैंड में लगातार किराया सूची को लेकर जिला क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एसएल लकड़ा ने बताया कि एचआईवी पीड़ित, दिव्यांगजन एवं 40 वर्ष या उससे अधिक वरिष्ठजनों को निशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है। यात्रियों को जानकारी देने किराया बस स्टैंड सहित सभी बसों में सूची चस्पा कर दी गई है।

## अभियान: राजस्व वसूली एवं स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान साथ-साथ चलाएगा निगम

# वार्डो को जोन में बांटकर टैक्स की वसूली बड़े बकायादार पर भी शिकंजे की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वित्तीय वर्ष के बचे 5 माह के अंदर राजस्व वसूली के टारगेट को पूरा करने निगम प्रशासन जुट गया है। इसके लिए आगामी 11 नवंबर से 31 दिसंबर तक 10 करोड रुपए वसूली करने अभियान चलाया जाएगा। नगर निगम के 60 वार्ड को जोन में बांटकर प्रत्येक राजस्व निरीक्षक को टारगेट दिया गया है। यही नहीं इस बार बड़े बकायेदारों पर भी कार्यवाही करने की तैयारी निगम प्रशासन ने शुरू कर दी है। यह अभियान आगामी 11 नवंबर से चलेगा।

दुर्ग नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने स्वच्छता सर्वेक्षण और राजस्व वसूली में तेजी लाने के उद्देश्य से अधिकारी/कर्मचारी को जिम्मेदारी सौंपी है। इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा व राजस्व अधिकारी मनीष कुमार गायकवाड़ के निर्देशानुसार कार्य सम्पादन करेंगे। निगम द्वारा टैक्स वसूली और स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए एक साथ अभियान चलाया जाएगा। बता दे कि 11 नवंबर से शुरू होने वाले यह विशेष अभियान 31 दिसंबर तक चलेगा। इस अवधि में नगर निगम प्रशासन द्वारा 10 करोड़ रुपये की टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा गया है। अभियान प्रतिदिन सुबह आठ से दोपहर एक बजे तक चलेगा। इस दौरान निगम कर्मी डोर टू डोर टैक्स वसूली के साथ सफाई कार्य भी देखेंगे। कमिश्नर ने कहा है कि, टैक्स जरूर पटाएं, शहर आपका है और यहां की व्यवस्था बनाने में आपके टैक्स का योगदान अहम है, इसलिए टैक्स जमा करने के लिए सजग रहें।

## 10 करोड़ की वसूली के लिए 31 दिसंबर तक चलेगा अभियान




### स्पैरो पर नए आयुक्त से कार्रवाई की उम्मीद

नगरनिगम में पिछले लंबे समय से



टैक्स वसूली की जिम्मेदारी निजी कंपनी को दी गई थी। इस दौरान स्पैरो कंपनी के जरिए टैक्स वसूली में आर्थिक अनियमित की गई थी। जांच में पाया गया की कंपनी ने करीब 60 लाख रुपए की गड़बड़ी की थी। लेकिन इस मामले में किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हुई।

### 60 वार्डो को 4 जोन में बांटा गया

प्रत्येक जोन में 15 अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमे जोन 1 के 15 वार्डो के लिए प्र.राजस्व उपराजस्व निरीक्षक राम खिलावन शर्मा,जोन 2 के 15 वार्डो में प्र, राजस्व उपनिरीक्षक संजय मिश्रा,जोन 2 में राजस्व उपनिरीक्षक निशांत यादव एवं जोन 4 में प्रभारी राजस्व उपनिरीक्षक थान सिंह यादव को जिम्मेदारी तय किया गया है। कर्मचारी प्रतिदिन सुबह आठ से दोपहर एक बजे तक डोर टू डोर राजस्व वसूली करेंगे। इस दौरान डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के संबंध में भी जानकारी लेंगे।

### इस बार 19 से बढ़कर 36 करोड़ का टारगेट

स्पैरो कंपनी के कार्यकाल खत्म होने के बाद साधना टारगेट 19 करोड़ से बढ़कर 36 करोड़ हो गया है। ऐसे निगम को इस बार टारगेट तक पहुंचने एड़ी चोटी की जोर लगानी पड़ेगी। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने राजस्व वसूली एवं जलकर वसूली में तेजी लाने संबंधी निर्देश राजस्व विभाग को दिया है, जिसके तहत कमिश्नर लगातार राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए बकायदारों से वसूली एवं करो की वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया है। वहीं कमिश्नर ने बड़े बकायादारों की सूची बनाने के साथ ही उन बकायदारों से वसूली का निर्देश देते हुए राजस्व विभाग की टीम बनाने का भी निर्देश दिया है।उक्त गठित टीम के द्वारा बड़े बकायादारों से वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

### बगैर रॉयल्टी परिवहन कर रहे पांच हाईवे पर कार्रवाई



दुर्ग। खनिज विभाग के अफसरो द्वारा लंबे समय बाद रेत परिवहन मामले में कार्रवाई की गई है। इस दौरान उतई थाना, नेवई थाना और तीन वाहन सेलुद, पतोरा के पास पकड़ा गया है। इस तरह रेत से भरे पांच वाहनों को जप्त कर खनिज अधिनियम नियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

खनिज अधिकारी दीपक मिश्रा ने बताया कि, जांच में पाया गया कि वाहन चालक के पास विधिवत रायल्टी पर्ची नहीं था। जांच में दो हाईवे उतई थाना और एक हाईवे निवाई थाने के पास पकड़ा गया। जबकि तीन वाहनों को सैलुद, पतोरा के आसपास पकड़ा गया है। उल्लेखनीय है कि, जिले में लगातार अवैध खनन की शिकायती सामने आ रही है। जिले में कहीं पर भी मुरूम खदान नहीं होने के बाद भी धड़ल्ले से परिवहन किया जा रहा है।

### नेटवर्क मार्केटिंग का जाल बिछाने वाले शिक्षक नपेंगे

दुर्ग। अध्यापन कार्य कराने के बजाय शिक्षको द्वारा नेटवर्क मार्केटिंग का व्यवसाय किया जा रहा है। जिसके चलते स्कूलों की पढाई प्रभावित हो रही है। शिक्षा विभाग ने ऐसे शिक्षको के खिलाफ कार्यवाही करने आदेश जारी किया हैं।नेटवर्क मार्केटिंग का कार्य स्कूल समय में किए जाने की शिकायत सामने आई है। विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि, छग सिविल सेवा नियम 1965 के उपनियम तीन तथा अधिनियम 16 के तहत यह कार्य विपरित हैं। ऐसे में मामले में कडी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए सभी बीईओ और प्राचार्यो को दिया गया हैं। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा द्वारा इस संबंध में आदेश 6 नवंबर को जारी किया गया हैं।

# जिले को 10421 स्थाई कृषि पंप कनेक्शन का बिजली विभाग को मिला लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



- अधिकारियों एवं ठेकेदारों की समीक्षा बैठक

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के क्षेत्रीय मुख्यालय स्थित सभागार में अतिरिक्त मुख्य अभियंता परियोजना रायपुर बीकेकुमरे ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लंबित पंप कार्यों के संबंध में अधिकारियों एवं ठेकेदारों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने इसके अंतर्गत कार्य करने वाली एजेन्सियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए लंबित पंप कार्यों का निष्पादन त्वरित गति से करने व कार्य की गुणवत्ता को बनाये रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य की प्रगति पर विस्तार पूर्वक जानकारी ली। श्री कुमरे ने पंप कनेक्शन से संबंधित तकनीकी व्यवधानों के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कार्यों की गुणवत्ता बनाये रखने पर जोर देते हुए दिसंबर तक समस्त कार्य पूर्ण करने के ठेकेदारों एवं अधिकारियों को निर्देश दिये।

बैठक में उपस्थित दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम जामुलकर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में दुर्ग जिले को कुल 10421 स्थाई कृषि पंप कनेक्शन का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिनमें से दुर्ग जिले को 2022, बेमेतरा जिले में 3136 एवं बालोद जिले हेतु 5263 स्थाई कृषि पंप कनेक्शन का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्राप्त लक्ष्य में से कुल 8569 पंप कनेक्शनों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिनमें दुर्ग जिले में 1896, बालोद जिले में 2569 एवं बेमेतरा जिले में 4104 पंप कनेक्शनों का कार्य शामिल है। श्री जामुलकर ने कहा कि लंबित पंप कनेक्शनों का कार्य प्रगति पर है, जिन्हें निर्धारित समय तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

मुख्य अभियंता ने ठेकेदारों और अधिकारियों को भी उनके द्वारा कार्य स्थल पर जाकर कार्यों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता वृत्त एके लखेरा, अधीक्षण अभियंता परियोजना रायपुर श्रीमती एम नागवंशी, डीके भारती, मो जलालुद्दीन, कार्यपालन अभियंता श्रीमती अनसुईया ठाकुर, सहायक अभियंता श्रीमती श्वेता वर्मा एवं ढालेश्वर साहू तथा दुर्ग क्षेत्र के ठेकेदार उपस्थित हुए।

# संभागायुक्त ने आपराधिक गतिविधियों में लिप्त को केन्द्रीय जेल में निरूद्ध करने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

संभाग के आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन पर स्वापक, औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार, निवारण अधिनियम-1988 की धारा-3 सहपठित धारा-11 के तहत

- आबकारी के 7 व नारकोटिक्स के 4 मामले

न्यायालयीन आदेश पारित कर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त नंदू कनौजिया पिता गोपाल कनौजिया निवासी यादव चौक रूआबांधा बस्ती भिलाई जिला दुर्ग को 06 माह के लिए केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरूद्ध करने आदेशित किया है।

आदेश पारित करने के पूर्व संभाग आयुक्त द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत जवाब/तर्क, न्याय दृष्टांतों एवं शपथपूर्वक कथन का अध्ययन तथा प्रकरण में प्रस्तुत ईश्तगासा मय दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। तथ्य के अनुसार नंदू कनौजिया के विरूद्ध आबकारी एक्ट के कुल 07 मामले और नारकोटिक्स एक्ट के 04 मामले दर्ज कर कार्यवाही की गई है। इसके अलावा लड़ाई, झगड़ा एवं मारपीट के भी मामले लगातार दर्ज होते रहे हैं। जेल से छूट जाने के पश्चात लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलप्ति रहा है। उसकी प्रवृत्ति में कोई सुधार नहीं हुई है। वर्तमान में भी शराब व गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ बेचने की शिकायत लगातार मिलती रही है। स्वतंत्र साक्षी के कथन से यह सत्य प्रकाश में आया है कि नंदू कनौजिया रूआबांधा क्षेत्र में हर मोहल्ले में लड़कों का गेंग बना कर रखा है। जमानत पर न्यायालय से छूट जाने से उसका मनोबल बढ़ता जा रहा है। वह अवैध रूप से शराब व गांजा जैसे नशीली पदार्थों का अवैध व्यापार करने का आदी हो गया है। उनके आपराधिक गतिविधियों से समाज में रहने से विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसी स्थिति में प्रकरण में आये प्रतिवेदन, जवाब, साक्षियों के बयान एवं तर्क के आधार पर उसे जेल में निरूद्ध किया जाना आवश्यक है।

### पूर्व में भी की गई थी कार्रवाई

ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन के अनुसार अनावेदक




के द्वारा आदतन अपराध घटित करने के कारण इस पर अंकुश लगाने प्रतिबंधक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। इसके बाद भी इसकी आदतों में कोई सुधार परिलक्षित नहीं हुआ, बल्कि ये अपराधी बन गया है। आम जनता में इसके आतंक से भय व्याप्त हो गया है। लोग इसके विरूद्ध रिपोर्ट करने की साहस करना तो दूर इसकी उपस्थिति की सूचना देने तक के लिए घबराते हैं। अनावेदक के विरूद्ध थाना दुर्ग में 16 विभिन्न अपराधिक प्रकरण दर्ज है। पुलिस द्वारा आपराधिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर पृथक-पृथक न्यायिक दण्डाधिकारी एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी के न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये गये। अनावेदक के विरूद्ध इसके भय एवं आतंक के कारण कोई भी जन साधारण न्यायालय में गवाही देने से बचता है। संभागायुक्त श्री राठौर ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए 06 नवम्बर 2024 को न्यायालयीन आदेश पारित कर अपराधिक प्रवृत्ति में संलिप्त नंदू कनौजिया को केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरूद्ध करने के आदेश दिये हैं।

## 555वीं जयंती: महापौर धीरज ने पंज प्यारों का किया अभिनंदन

# गुरुनानक देव की जयंती पर निकला नगर कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- पाइपर बैंड, गतका रही आकर्षण का केंद्र

आज गुरु नानक देव जी की 555 वीं जयंती पर नगर में भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें महापौर धीरज बाकलीवाल शामिल हुए। महापौर धीरज बाकलीवाल ने पंज प्यारों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, संजय कोहले, फतेह सिंह भाटिया, बृजेन्द्र भारद्वाज, परमजीत सिंह भुई, शिशिरकांत कसार सहित सिख समुदाय के लोग मौजूद रहे।

नगर कीर्तन के प्रारंभ में नगाड़ों और नरसिंगा तुरही की धुन गूंज रही थी। सबसे आगे पाँच निहंग घुड़सवार अपनी पारंपरिक वेशभूषा में थे। नगर कीर्तन में पाइपर बैंड, गतका टीम और बाइकर टीम ने विशेष आकर्षण प्रदान किया। गतका टीम के बच्चों और वरिष्ठ सदस्यों ने पारंपरिक करतब दिखाए।



### किया गया प्रसादी का वितरण

मार्ग में पुरुष और महिला सेवादार सड़कों पर पानी डालकर और झाड़ू लगाकर सफाई करते चल रहे थे। पाँच प्यारे भी पारंपरिक वेशभूषा में चल रहे थे, जिनका स्वागत स्थानीय निवासियों ने पुष्प वर्षा से किया। फूलों से सुसज्जित एक खुले वाहन पर पालकी साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब शोभायमान थे। श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।

### भक्तिमय रहा वातावरण

नगर कीर्तन के दौरान पुरुषों और महिलाओं के कीर्तन जत्थों ने गुरुबानी का गायन किया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। नगर कीर्तन का जगह-जगह फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। नगर कीर्तन का समापन गुरुद्वारा साहिब में हुआ। गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर नगर कीर्तन ने शहर में श्रद्धा और एकता का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने गुरबानी के संग ध्यान लगाया और गुरु साहिब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# कृषकों को ऑयल पाम की खेती के लिए प्रोत्साहित करें- कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- शिविर में आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश

कलेक्टर ने खाद्य तेलों की आपूर्ति हेतु जिले में ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा देने उद्यानिकी विभाग को मिले लक्ष्य पूर्ति हेतु उप संचालक कृषि को कृषकों को ऑयल पाम की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड की अद्यतन प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए सभी नगरीय निकायों, जनपद एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पुनः डोर-टू-डोर अभियान चलाकर परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में प्रति बुधवार आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर में आयुष्मान कार्ड बनाया जाए।

साथ ही वृद्धावस्थ्या पेंशन के सभी हितग्राहियों का भी आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार सेवानिवृत्ति पश्चात लंबित पेंशन प्रकरण के निराकरण पर भी अधिकारी विशेष ध्यान देवे। उन्होंने स्कूल जतन योजना में पूर्ण कार्यों के लिए राशि की मांग पत्र संबंधित प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने डीईओं को निर्देशित किया।

बैठक में एडीएम अरविन्द एक्का, सहायक कलेक्टर एम भार्गव, जिला पंचायत के सीईओ बीके दुबे, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमित अग्रवाल, नगर निगम रिसाली की आयुक्त श्रीमती मोनिका वर्मा, एसडीएम दुर्ग एचएस मिरी, एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव, एसडीएम भिलाई-3 महेश राजपूत, संयुक्त कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### धान खरीदी केंद्र में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें: ललित

**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण एवं राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सीईओ धान खरीदी केंद्र के समिति प्रबंधक राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को फोन व पत्राचार के माध्यम से निर्देश दिया और कहा कि 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी प्रारंभ हो रहा है। इसके मद्देनजर किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो उसको देखते हुए धान खरीदी केन्द्र में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। धान खरीदी केन्द्र स्थल समतलीकरण सुरक्षा व्यवस्था, पानी की व्यवस्था, बारदान, ज़रूरी मूलभूत सुविधा उपलब्ध होना चाहिए। सभी धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### छात्र-छात्राओं ने स्थापना दिवस मनाया




**अंडा।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित हॉस्पिटैलिटी ट्रेनिंग सेंटर अंजोरा में छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के तत्वाधान पर छात्र-छात्राओं ने स्थापना दिवस मनाया। छात्रा नोमिता ठाकुर ने महतारी वेशभूषा पोशाख पहनकर छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर प्रकाश डाला। दिवस की महत्ता को ध्यान में रखकर अंजोरा हॉस्पिटैलिटी प्रशिक्षण केंद्र में हमेशा की तरह असम्बली में छत्तीसगढ़ के राजगीत से कक्षाएं प्रारंभ हुई, प्रश्नोत्तरी, स्लोगन, सुविचार और दिनभर बोलीभाषा में समस्त छात्राओं एवं स्टाफ ने छत्तीसगढ़ी बोलीभाषा का प्रयोग किया गया। इस अवसर पर सुभाष डोंगरे, मुरारीलाल साहू, हिरमत साहू, धनेश्वर साहू, हिरमत साहू, तामेश्वरी सोनकर आदि सदस्य सहित बैच 29 के 12 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### महाराष्ट्र विस चुनाव: पर्यवेक्षक के लिए पुकेश हुए नियुक्त

**अंडा।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के लिए अखिल भारतीय किसान कांग्रेस विधानसभा पर्यवेक्षक के रूप में वर्तमान में अध्यक्ष जिला किसान कांग्रेस के पुकेश चंद्राकर को प्रदेश प्रभारी प्रकाश घाले राष्ट्रीय संयुक्त ने नियुक्ति की गई है।
राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, संगठन मंत्री केसी वेणुगोपाल व महाराष्ट्र प्रदेश प्रभारी प्रकाश घाले, राष्ट्रीय समन्वक राजकुमार यादव, शमीम आलम राष्ट्रीय संयोजक, सुरेंद्र रघुवंशी, सकीना पटेल ने पुकेश चंद्राकर



को जिम्मेदारी सौंपी है। इनकी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष अविशेक मिश्रा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू सहित क्षेत्र के नेताओं ने चंद्राकर को बधाई दी है। वहीं चन्द्रकार का दावा है कि महाराष्ट्र में सशक्त सरकार बनाएंगे।
महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव में विधानसभा उमरेड सहित सभी सीटों में कांग्रेस के उम्मीदवारों को जिताने का प्रमुख लक्ष्य है। हम सभी विधानसभा सीटों पर भारी बहुमत के साथ विजय होंगे। चंद्राकर ने दावा किया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बहुमत के साथ जीतकर एक मजबूत सरकार बनाएगी।

## निधन

### कुमारी बाई साहू

**भिलाई।** मैत्रीकुंज रिसाली भिलाई निवासी गायत्री परिवार के वरिष्ठ



कार्यकर्ता कुमारी बाई साहू उम्र 55 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रिसाली मुक्तिधाम में किया गया। वे भिलाई इस्पात संयंत्र के भूतपूर्व कार्मिक अधिकारी भुवन लाल साहू की पत्नि व पालेन्द्र साहू, अंजली साहू की मां एवं भूमिका रानी साहू की सास थीं।

# गोपियों को आनंद देने कन्हैया करते थे माखन चोरी: भगवताचार्य रेणुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

राम नगरी ग्राम कसही में नायक परिवार द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण आयोजन किया जा रहा है। भागवत सप्ताह के छठवें दिन भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं और उनके अनन्य भक्तों की चर्चा करते हुए भागवताचार्य रेणुका दीदी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण सब के हैं, इस गिरधर नटवर को हर जाति-धर्म के लोग पूजते हैं। कुछ लोग सामाजिक समरसता बिगाड़ने और सनातन धर्म में विकृति पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे लोगों को रसखान की कृष्ण के प्रति अपार श्रद्धा से शिक्षा लेनी चाहिए। इन्होंने यह कहा कि बाल गोपाल गोपियों को आनंद देने के लिए ही माखन चोरी करते थे। उन्हें क्या जरूरत थी चोरी करने की। जिस दिन वे चोरी करने नहीं जाते थे। उस दिन गोपियां स्वयं लाला से मिलने यशोदा मैय्या के घर पहुंच जाती थीं। उन्होंने कथा में आगे बताया कि भगवान भोलेनाथ को भी श्रीकृष्ण के महारास में जाने थे और इसके लिए उन्हें नारी का रूप धरना पड़ा। कन्हैया ने उन्हें लीला में जाने से नहीं रोक पाए उन्हें गोपेश्वरी नाम दिया। वृंदावन में गोपेश्वर महादेव का मंदिर है। जहां दिन में भोलेनाथ की विधिवत पूजा होती है, वहीं शाम को उन्हें स्त्री रूप मे श्रृंगारित किया जाता है।

## भागवत सप्ताह के छठवें दिन भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं और अनन्य भक्तों की हुई चर्चा



### कवि रसखान ने बाल गोपाल को अपने हाथों से पादुका पहनाई

ग्राम कसही में जोतकुंवर नायक परिवार द्वारा सात दिवसीय संगीत में श्रीमद् भागवत महापुराण आयोजित किया गया है। इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में शामिल होने बड़ी संख्या में भक्त भागवत कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं। बेहतर ध्वनि व्यवस्था के चलते पूरा गांव भागवत मय हो गया है। रविवार को भागवत कथा के छठवे दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला, मथुरा प्रवेश, कंसवध और रुक्मणी मंगल की कथा प्रस्तुत की गई। श्रोताओं को संबोधित करते हुए कथा वाचिका रेणुका दीदी ने कहा कि नटखट कृष्ण के सभी चाहने वाले हैं, किंतु कुछ लोगों ने कृष्ण भक्ति और सनातन को बांटने का प्रयास कर सामाजिक सौहार्द्रता बिगड़ने का प्रयास कर रहे हैं। कवि रसखान ने बाल गोपाल को अपने हाथों से पादुका पहनाई और सैकड़ों कृष्ण आराधना की रचना की। कथा प्रसंग के दौरान रुक्मणी और कृष्ण का विवाह का प्रसंग भी आया। अनुष्ठान अनुरूप कृष्णा और रुक्मणी का औपचारिक विवाह कराया गया। इस भावपूर्ण दृश्य को देखते लोग उमड़ पड़े। सोमवार को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण का समापन होगा, वहीं मंगलवार को गीता पाठ व तुलसी वर्षा की जाएगी।

## नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मनाई आंवला नवमी

# घर-परिवार के सौभाग्य और लंबी उम्र की कामना के लिए किया आंवला पेड़ की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

पाटन नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में भी रविवार को आंवला नवमी मनाई है। इस दौरान महिलाओं ने आंवला पेड़ की पूजा-अर्चना कर परिवार के सदस्यों की लंबी आयु, शौभाग्य, स्वास्थ्य रहने की कामना करते हुए पूजा-अर्चना किया। इसके बाद आंवला पेड़ के नीचे ही प्रसाद ग्रहण किया। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर आंवले के विशेष पूजा की जाती है। इसे अक्षय नवमी भी कहते हैं। माना जाता है कि इस पर्व पर किए गए आंवला पूजन से घर-परिवार के लोगों को सौभाग्य, अच्छा स्वास्थ्य और लंबी उम्र मिलती है।

पं. केके तिवारी के मुताबिक, कार्तिक शुक्ल नवमी पर महिलाएं आंवले के पेड़ की पूजा करती हैं। आंवला नवमी की कहानी सुनती हैं। पूजा के बाद आंवले के पेड़ की परिक्रमा की जाती है। पूजा के साथ ही इस पर्व पर दान-पुण्य करने की भी परंपरा है। अक्षय नवमी पर आंवले के पेड़ की पूजा करने का संदेश ये है कि हमें प्रकृति का सम्मान करना चाहिए। पेड़-पौधों की पूजा करें, इन्हें बचाएं, तभी हमारा जीवन बचा रहेगा। इस पर्व पर आंवले के नीचे बैठकर पूजा और भोजन करने की भी परंपरा है।

## देवी लक्ष्मी ने आंवले को ही भगवान विष्णु और शिव का प्रतीक मानकर किया पूजन



### आंवले के सेवन से दूर होती हैं कई बीमारियां

आयुर्वेद में आंवले का महत्व काफी अधिक है। कई बीमारियों में आंवले का उपयोग अलग-अलग रूप में किया जाता है। आंवले का रस, चूर्ण और आंवले का मुरब्बा ये सभी हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होते हैं। इसके नियमित उपयोग से अपच, एसिडिटी, कब्ज, गैस जैसी बीमारियां दूर रहती हैं।

### आंवला नवमी से जुड़ी मान्यताएं

ये पर्व देवी लक्ष्मी से जुड़ा है। एक कथा के अनुसार, पुराने समय में कार्तिक शुक्ल नवमी पर देवी लक्ष्मी पृथ्वी भ्रमण कर रही थीं, तभी उन्हें भगवान विष्णु और शिव की पूजा करने की इच्छा हुई। देवी लक्ष्मी विष्णु और शिव जी की पूजा एक साथ करना चाहती थीं। देवी ने विचार किया कि विष्णु की प्रिय तुलसी और शिवजी के प्रिय बिल्व के गुण एक साथ आंवले में होते हैं। ऐसा विचार आने के बाद देवी लक्ष्मी ने आंवले को ही विष्णुजी और शिवजी का प्रतीक मानकर पूजन किया। देवी लक्ष्मी की इस पूजा से विष्णु-शिव दोनों देवता प्रसन्न होकर प्रकट हुए। लक्ष्मी माता ने आंवले के पेड़ के नीचे ही विष्णुजी और शिवजी को भोजन कराया। इस कथा की वजह से ही कार्तिक शुक्ल नवमी पर आंवले की पूजा करने की परंपरा है। एक अन्य मान्यता है कि अक्षय नवमी को आंवला खाने से महर्षि च्यवन को फिर से जवान हो गए थे। इस मान्यता की वजह से आंवला नवमी पर आंवले का सेवन भी किया जाता है।

### पहंडोर की महिलाओं ने मनाया आंवला नवमी पर्व



**सेलूद।** ग्राम पहंडोर में आंवला नवमी का पर्व परम्परागत रूप से सूरज मढ़रिया के बाड़ी में आंवला वृक्ष का पूजन व वृक्ष के नीचे भोजन कर मनाया गया। यह पर्व प्रकृति पूजा व वृक्षों के संरक्षण के महत्व पर आधारित है, क्योकि आंवला एक औषधीय वृक्ष भी हैं। इस अवसर पर अंजनी मढ़रिया, देवकी, मुक्ता वर्मा, सरिता, माया, तारादेवी, कुमारी बाई, काजल, आंचल परिवार सहित उपस्थित थे।

# रानी अहिल्या बाई के महिलाओं व शोषित वर्ग के लिए किए कार्य अनुकरणीय: डॉ. वर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

विरांगना महारानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती समारोह शुक्रवार को कृषि महाविद्यालय मर्रा में मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय और मर्रा स्कूल के छात्र-छात्राओं को विरांगना अहिल्याबाई होल्कर के संघर्ष व जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके त्याग और न्याय से बच्चों को अवगत कराया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के डॉ. टोपलाल वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज से 250 साल पहले देवी अहिल्याबाई होल्कर के शासन को हम सुशासन कह सकते हैं, इसलिए हम इन्हें लोकमाता कहते हैं। वे एक न्याय प्रिय शासक थी । उन्होंने विरांगना अहिल्याबाई होल्कर की जीवन बताते हुए कहा कि मल्हार राव होल्कर ने 8 वर्षीय अहिल्याबाई होल्कर को देखकर उन्हें अपनी पुत्रवधु बना लिया और 13 साल की अहिल्याबाई इंदौर की महारानी बन गई। एक युद्ध में पति की मृत्यु के बाद पूरे मालवा प्रान्त की प्रजा की रक्षा के लिए उन्होंने सती होने का विचार त्याग दिया और राज पाठ चलाने लगी, उस समय देश में अंग्रेजों और मुगलों का प्रभाव था, उनसे अपनी प्रजा को बचाने के लिए उन्होंने अस्त्र शस्त्र बनवाया, मालू जाति के लोगों को बसाया और कुटीर उद्योग की स्थापना की। अपने नगर को सैनिक नगर बनाया। ससुर और पुत्र के निधन के बाद उन्होंने इंदौर से महेश्वर को राजधानी बनाया महेश्वर के नर्मदा नदी में 28 घाट और शहर में 50 मंदिर बनवाये।

■ कृषि महाविद्यालय मर्रा में मनाया अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

उन्होंने सम्पूर्ण भारत मे मंदिर बावली और सड़कों का निर्माण कराया।ज्योतिर्लिंगों का संधारण करवाया विश्राम शाला और अन्न भंडार बनवाए जलाशय का निर्माण भी कराया।किसानों के लिए कार्य किये ,महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए वो उन्हें सती होने से रोकती थी,एकेली महिला की सम्पति को वापस किया। दत्तक पुत्र और पुनर्विवाह करने पर जोर दिया। रानी अहिल्या बाई सच्ची समाज सेविका थी उन्होंने महिलाओं, पीड़ित, शोषित व कमजोर वर्ग के लिए अनेक कार्य किया वे एक बेहतरीन शासक थी, उन्होंने छात्र छात्राओं को अहिल्या बाई के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। विशेष अतिथि सरपंच पालेश्वर ठाकुर ने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने कठिन परिस्थिति के उपरान्त भी कुशलता से साम्राज्य का संचालन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण कुमार साहू और आभार प्रदर्शन राकेश तिवारी ने किया। इस अवसर पर किशोर साहू, सुनील पटेल, दीपक सावर्णि, प्रकाश आदि उपस्थित थे।

## उच्च शिक्षा विभाग लिपिक वर्ग की बैठक 15 को

**पाटन।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्मित होने के बाद से आज तक लिपिक के पदोन्नति नियमों में संशोधन की प्रक्रिया नहीं किए गए हैं एवं नियमानुसार रजिस्टर के पदों में पदोन्नति नहीं दिया जा रहा है जबकि समस्त 1000 से अधिक संख्या वाले महाविद्यालय में रजिस्ट्रार के पद स्वीकृत करने का



प्रावधान है लेकिन प्रदेश में केवल चुनिंदा महाविद्यालय में ही रजिस्ट्रार का पद सृजन है। जिससे प्रदेश के समस्त लिपिकों सहायक ग्रेड 3 से सहायक ग्रेड एक तक ही सेवा नियुक्त हो जा रहे हैं, उन्हें राजपत्रित अधिकारी के श्रेणी में आने का अवसर प्राप्त नहीं हो पा रहा है। अनुकंपा से नियुक्त कर्मचारियों की टाइपिंग परीक्षा लंबित है जिससे अधिकांश अनुकंपा नियुक्ति कर्मचारी के परीक्षा अवधि समाप्ति संबंधी समस्या निर्मित है। चतुर्थ श्रेणी से सहायक ग्रेड 3 के पदोन्नति में भी विलंब से उच्च शिक्षा के समस्त लिपिक में कई वर्षों से रोष व्याप्त है। वहीं प्रांत स्तर की आमसभा की बैठक 15 नवंबर को शासकीय राधाबाई कन्या महाविद्यालय रायपुर भाटागांव बस स्टैंड के पास दोपहर 1 बजे आहुत है जिसमें प्रदेश के समस्त लिपिक उस महाकुंभ में एकत्रित होकर विभागीय विसंगतियों के संबंध में शासन प्रशासन के समक्ष योजना बंद तरीके से अपनी मांग एवं अन्य बिंदुओं में विचार मंथन कर रणनीति बनाएगी।

## भगवान शिव की माता सती से वियोग से जो अक्ष गिरा वही रुद्राक्ष बना: पं. सौरभ

**अंडा।** ग्राम अंडा मिलपारा आरा मशीन के पास चल रहे कथा के सप्तम विश्राम दिवस में पंडित सौरभ शर्मा ने द्वादश ज्योर्तिलिंग की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि भगवान महादेव का ज्योर्तिलिंग दर्शन मात्र से ही शिव लोक की प्राप्ति है। महाकाल की विशेषता बताते हुए बोले महाकाल के अधीन काल है मृत्यु का भय महाकाल के भक्तों को नही हो सकता। शिव मंदिर जाकर कोई पूजन करके आ रहे व्यक्ति के दर्शन मात्र से ही हमारे सभी पाप छय हो जाते हैं। शिव जी के रुद्राक्ष की कथा बताई गई। सती माता से जब वियोग हुआ तब महादेव उनके स्मरण से जो अक्ष गिरा वही रुद्राक्ष बना जो जीव रुद्राक्ष धारण करता संसारिक सभी तापो से मुक्त रहकर शिव लोक को प्राप्तकर्ता है रुद्राक्ष के जल पीने से शरीर के सभी दुख समाप्त होते हैं। महाराज के द्वारा बेलपत्र की दिव्य महिमा बताई गई साथ ही 51 बेलवृक्ष वितरण किया गया और रुद्राक्ष सभी भक्तों को शिवपुराण के प्रसाद के रूप में दिया गया सब पर कृपा करने वाले महादेव महाराज जी ने कहा ये कथा आयोजन महादेव ने किया और महादेव ने ही कहा है उनके अलावा संसार मे कोई उनकी कथा नही कह सकता।

**सुवा नृत्य महोत्सव आयोजित**
**अंडा।** दिवाली के अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के मार्गदर्शन एवं आर्दश मित्र मंडल समस्त ग्रामवासी के सहयोग से एक दिवसीय सुआ महोत्सव ग्राम पीपरछेड़ी में किया गया।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक जेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत




मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### आरईडी विभाग के कर्मचारी शिरोमणी से सम्मानित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के आरईडी विभाग में शिरोमणी पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास थे। राजेश कुमार सुमन और प्रकाश दास को पाली शिरोमणी पुरस्कार दिया गया । कर्म शिरोमणी पुरस्कार दीपक कुमार वर्मा, राहुल सरकार, मोहम्मद इमरान, पूरन दास बंजारे व सूरज लाल को मिला । कार्यक्रम में महाप्रबंधक आर गोपालाकृष्णन तथा उप महाप्रबंधक सतीष कुमार अग्रवाल वआरईडी के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार पाण्डेय व अति. श्रम कल्याण अधिकारी चैत राम साहू द्वारा किया गया।

### डस्टबीनों का कचरा जलाने से प्रदूषण

**भिलाई।** टाउनशिप में सड़कों और क्रास स्ट्रीट के चौकों पर रखे कई डस्टवीनों के कचरों को जलाने की समस्या बढ़ रही है। सेक्टर 6,7 और सेक्टर 8 आदि में कुछ स्थानों पर रखे डस्वीनों के ओवरफ्लो होने पर कचरे को आग के हवाले किया जा रहा है। इससे दुर्घटना के साथ प्रदूषण भी बढ़ रहा है। आवारा मवेशी जूठन खाने के दौरान झुलस भी रहे हैं।

## निधन

### नरेन्द्र सचदेव

**भिलाई।** सर्कुलर मार्केट के व्यवसायी नरेन्द्र सचदेव (लाली)



उम्र 63 वर्ष का निधन 10 नवम्बर को हो गया। उनकी शव यात्रा उनके निवास न्यू खुर्सीपार गुरुद्वारा के पीछे से 11 नवंबर को सुबह 11 बजे निकल कर खुर्सीपार श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे अपने पीछे पत्नी, भाई किशोर सचदेव, भतीजे अमित सचदेव, राहुल सचदेव और पुत्र रोहित सचदेव को छोड़ गए हैं ।

# टाउनशिप के हेल्थ सेंटरों की गिरी सेहत, जाना पड़ रहा से.9 हास्पिटल

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

टाउनशिप के हेल्थ सेंटरों में व्याप्त समस्याओं के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकतर स्वास्थ्य केंद्रों में मेडिकल स्टाफ और दवाइयों की किल्लत के कारण बीएसपी कर्मचारियों और परिजनों को सेक्टर नौ मेन हास्पिटल जाने मजबूर होना पड़ रहा है। यूनियनों ने सभी हेल्थ सेंटरों को अपडेट किए जाने की मांग बीएसपी प्रबंधन से की है।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप में पचास साल पूर्व सेक्टर एक से लेकर हास्पिटल सेक्टर तक सभी कालोनियों में सेक्टरों के लोगों की सुविधा के लिए हेल्थ सेंटर बनाए गए हैं। इनका उद्देश्य बीएसपी कर्मियों व परिजनों के सर्दी जुकाम, मल्हम पट्टी आदि प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराना है,ताकि सुविधा के साथ सेक्टर नौ अस्पताल मे लोड कम हो। लेकिन इस दौरान अधितकर हेल्थ सेंटरों की सेहत गिर रह है। वहीं कई हेल्थ सेंटर बंद हो चुके हैं। यूनियनों के मुताबिक हेल्थ सेंटरों में चिकित्सकों, अटेंडेंट, नर्स के साथ बीपी शिगर व पेन किलर आदि दवाईयों को टोटा बना रहता है। वहीं कुछ हेल्थ सेंटरों के भवन भी जर्जर होने के साथ सीपे की समस्या रहती है।

## पर्याप्त पैरामेडिकल स्टाफ और सभी दवाइयों की दरकार



### बंद हुए कई स्वास्थ्य केंद्र

टाउनशिप में सेक्टर 3, सेक्टर 5 और सेक्टर 6 व खुर्सीपार के हेल्थ सेंटर बंद हो चुके हैं। सेक्टर 3 में यूनियन कार्यालय, पांच में रिटायर कर्मियों का पेंशन कार्यालय व सेक्टर 6 में यूनियन कार्यालय खुल गया है। वहीं सेक्टर नौ, सेक्टर आठ व मड़ौदा तथा रिसाली आदि हेल्थ सेंटरों में कई समस्याएं बनी हुई हैं। हेल्थ सेंटर आए कर्मियों ने बताया कि बीपी शुगर की दवाई के लिए भी रिटायर कर्मियों व महिलाओं बच्चों को सेक्टर हौ हास्पिटल जाना पड़ता है। सेवानिवृत्तों को दोपहिया चलाने में परेशानी होती है और आटो में आने जाने में 40 देने पड़ते हैं। समस्या को देखते हुए सभी हेल्थ सेंटरों में पर्याप्त स्टाफ व दवाईयों की सदैव उपलब्धता जरुरी है।

## नगर निगम भिलाई की योजना ठंड बस्ते में, व्यवसायी हो रहे परेशान

# दस साल बाद भी मल्टीस्टोरी पार्किंग में तब्दील नहीं हुआ आकाशगंगा काम्पलेक्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई


शहर के सबसे बड़े और सबसे पुराने व्यावसायिक परिसर दोमंजिला आकाशगंगा काम्पलेक्स सुपेला के कायाकल्प की योजना ठंडे बस्ते में है। इसका खामियाजा सैकड़ों व्यवसायियों को भुगतना पड़ रहा है। इस मामले में नगर निगम भिलाई अब तक नीम-बेहोशी में है। यदि जल्द ही काम्पलेक्स का कायाकल्प नहीं हुआ तो कभी भी इसके ढहने से गंभीर हादसा हो सकता है।

दोमंजिला आकाशगंगा व्यावसायिक काम्पेक्स भवन जर्जर से जर्जर हो गया है। इसे देखते हुए भिलाई नगर निगम द्वारा दस साल पहले इसके संधारण और फिर यहां मल्टीस्टोरी पार्किंग की योजना बनाई गई थी। लेकिन अब तक इस पर अमल नहीं किए जाने से व्यवसायियों और आमजनों को दिक्कतें होने के साथ भवन के मलबे के ढहने से हादसे का अंदेशा बना रहता है। गौरतलब हो कि आकाशगंगा काम्पलेक्स का साडा ( विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण ) द्वारा वर्ष 1983 में तत्कालीन साडाध्यक्ष भजन सिंह निरंकारी के कार्यकाल में निर्माण किया गया था। भविष्य में इसके ऊपर एक मंजिला और बनाने की योजना थी। चालीस साल के दौरान यह दो मंजिला काम्पलेक्स जर्जर हो चुका है। पिछले दस पंद्रह साल से भवन के जर्जरतम होने से टूटफूट व सीपेज आदि की समस्या बढ़ गई है। द्वितीय माले की छत, कारीडोर के ऊपर का छज्जा और दुकानों के आज बाजू के हिस्से जगह जगह से जर्जर होकर जंग लगा सरिया छोड़ चुके हैं। स्लैब टूटकर नीचे गिरने से कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं। बारिश में छत पर पानी भर जाने से ऊपर की दुकानों में टपकने और सीपेज की समस्या बनी हुई है। यहां कई प्रेस कार्यालय व कंपनियों के आफिस भी हैं।

## शहर का सबसे पुराना व बड़ा दोमंजिला भवन जर्जर, हादसे का अंदेशा

**खास बातें**

- गिरते रहते हैं छज्जे से प्लास्टर के टुकड़े
- बारिश में दुकानों में भरता है पानी
- व्यसायियों को हादसे का अंदेशा
- बढ़ी चोरी की घटनाएं, नशेड़ियों का बना अड्डा



### व्यवसायी टेंपररी मरम्मत करने मजबूर

इस दौरान कई बार नगर निगम से संधारण की शिकायत के बाद भी ध्यान नहीं दिए जाने पर व्यवसायियों ने दो साल पूर्व खुद के पैसों से अपनी दुकानों को सुरक्षित रखने लायक काम्पलेक्स के भवन का टेंपररी प्लास्टर करवाय था। लेकिन अधिकतर भवन और ऊपरी माला जर्जर बना हुआ है। व्यवसायियों ने बताया कि बारिश के मौसम में ऊपर गैलरी व छत पर पानी भर जाता है और कार्यालयों व दुकानों में सीपेज की समस्या होती है। प्लास्टर के टुकड़े गिरने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। व्यवसायियों ने बताया कि रात में काप्लेक्स की दुकानों व कार्यालयों में चोरी की समस्या बढ़ रही हैं और अराजक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। भारी गंदगी की समस्या के साथ आवारा मवेशी भी ऊपरी माले में घूमते रहते हैं।

### पार्किंग की समस्या यथावत

नगर निगम द्वारा जर्जर आकाशगंगा काप्पलेक्स भवन के संधारण और इसके बाद मल्टीस्टोरी पार्किंग की योजना बनाई गई थी। वर्ष 2016-17 में निर्मला यादव के कार्यकाल में बनी मल्टीस्टोरी पार्किंग की योजना का उद्धेश्य आकाशगंगा के बढ़ते व्यावसायिक क्षेत्र के वाहनों को देखते हुए ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए एक सुव्यस्थित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराना था। लेकिन आठ साल बाद बीतने के बाद भी काम्पलेक्स के जर्जर भवन का संधारण हुआ है और न ही मल्टीस्टोरी पार्किक की योजना को ही क्रियान्वित किया जा सका है।

# बीएसपी का यूनियन मान्यता चुनावः सियासी सुगबुगाहट शुरु



हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में यूनियन मान्यता चुनाव का कार्यकाल समाप्त होने के बाद सियासी सुगबुगाहट शुरु हो गई। जल्द चुनावी प्रक्रिया शुरु कराने के लिए मांग जो पकड़ रही है। सीटू ने श्रम विभाग और बीएसपी प्रबंधन से चुनाव करान की मांग की है।

आईडी एक्ट के तहत होने वाले मान्यता चुनाव में सर्वाधिक वोट प्राप्त यूनियन को 2 साल के लिए मान्यता दिया जाता है । पिछली मान्यता यूनियन इस्पात श्रमिक संघ का कार्यकाल 23 सितंबर 2024 को समाप्त हो चुका है। उसके बाद मान्यता चुनाव के लिए यूनियनों को मांग करनी पड़ती है । यूनियनों की मांग पर प्रबंधन चुनाव के लिए कार्यवाही शुरू करता है। लेकिन पिछले यूनियन की मान्यता कार्यकाल समाप्त होने के बाद सीटू को छोड़कर किसी भी यूनियन ने मान्यता चुनाव करवाने के लिए प्रबंधन को पत्र नहीं दिया है। सीटू ने कहा कि लगता है कि अधिकांश यूनियनों को बीएसपी मान्यता चुनाव में दिलचस्पी नहीं है।सीटू के महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी ने बताया कि 23 सितंबर को पिछले मान्यता यूनियन के कार्यकाल समाप्त होने के बाद यूनियन की पदाधिकारी समिति ने 24 सितंबर को बीएसपी प्रबंधन को पत्र देकर मान्यता चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। मांग की कि कर्मियों के लिए हमेशा संयंत्र में मान्यता यूनियन का रहना आवश्यक है चाहे कोई भी यूनियन चुनाव जीत कर मान्यता में आए। हार जीत से ऊपर उठकर जल्द से जल्द मान्यता चुनाव करवाने के लिए सभी यूनियनों द्वारा प्रबंधन को पत्र देना चाहिए।

### सीटू ने प्रबंधन, श्रम विभाग से चुनाव की मांग

मान्यता चुनाव में सर्वाधिक वोट पाने वाले यूनियन को 2 वर्ष के लिए मान्यता यूनियन का दर्जा मिलता है मान्यता प्राप्त यूनियन को कर्मियों के पक्ष में स्थानीय स्तर पर प्रबंधन के साथ चर्चा कर निर्णय लेने का अधिकार होता है एवं आवश्यकता अनुसार एग्रीमेंट करने का पावर मिलता है साथ ही साथ कर्मियों के लिए संयंत्र में सेफ्टी कमेटी, कैंटीन मैनेजिंग कमेटी, सहित कई वेलफेयर कमेटियों का गठन किया जाता है जिनका काम सुरक्षा से लेकर कैंटीन की व्यवस्था देखने एवं कर्मियों के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा वेलफेयर गतिविधियों को संचालित करने का होता है।

### तो खत्म हो जाती है एनजेसीएस की सदस्यता

संयंत्र में मान्यता प्राप्त यूनियन को मान्यता यूनियन के नाते कर्मियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए एनजेसीएस में सदस्यता मिलती है जो मान्यता कार्यकाल के समाप्ति के साथ ही समाप्त हो जाती है अर्थात यह सदस्यता केवल मान्यता प्राप्त यूनियन के नाते दिया जाता है मान्यता यूनियन के नाते प्राप्त एनजेसीएस की सदस्यता के समाप्त होते ही संयंत्र कर्मियों का प्रतिनिधित्व भी खत्म हो जाता है। सीटी ने जल्द से जल्द मान्यता चुनाव को संपन्न कराने की मांग की है।

# बंग समुदाय ने उत्साह के साथ मनाया जगद्धात्री पूजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

रविवार को दुर्ग-भिलाई में कालीबाड़ियों में बंगाल समुदाय ने जगद्धात्री पूजा मनाई। यह एक दिवसीय पूजा थी। एक दिन का मुख्य आकर्षण



विशेष पूजा और भोग वितरण किया गया। बंगाल की संस्कृति और विरासत को प्रदर्शित करने वाला एक कार्यक्रम था। पूजा में दुर्ग शहर के सिंधिया नगर, हनुमान नगर, हरि नगर, आदित्य नगर और आस-पास के इलाकों से करीब 250 बंगाली परिवार जगद्धात्री की मूर्ति के सिंधिया नगर कालीबाड़ी में एकत्र हुए। इसे उत्सव की तरह बंगाली समाज मनाया करता है। समाज पिछले 6 वर्षों लगातार इसे लेकर कार्यक्रम करते आ रहें है। सुबह की पूजा के बाद व्रतियों को भोग वितरित किया गया। संध्या आरती और संगीतमय रात के बाद फिर से सभी को भोग वितरित किया। उक्ताश की जानकारी महासचिव शीतल दास ने दी है।

# सेटअप में सुधार के लिए स्वास्थ्य लिपिक वर्गीय कर्मचारी कल्याण संघ सरकार से करेगा चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य लिपिक वर्गीय कर्मचारी कल्याण संघ की प्रथम राज्य स्तरीय बहुप्रतीक्षित बैठक और अहम चुनाव गोंड़वाना भवन दुर्ग में भारी गहमागहमी के बीच हुआ। बैठक में मुख्य लिपिक साधु राम नेताम को सर्व सम्मति से प्रदेश अध्यक्ष नियुक्ति किया गया वहीं लिपिकों से संबंधित कई महती निर्णय लिए गए। इस अवसर पर पूरे के स्वास्थ्य लिपिक उपस्थित थे।

- प्रथम राज्य स्तरीय बैठक में साधुराम बनाए गए अध्यक्ष

प्रदेश के सभी जिलों से पहुंचे सदस्य स्वास्थ्य लिपिकों की उपस्थिति में हुई महती बैठक के प्रारंभ में लिपिकों के लंबित मुद्दों पर चर्चा हुई। विमर्श के बाद कई महती निर्णय लिए गए। कर्मचारियों द्वारा संघ की प्रस्तावना औरउद्देश्य के साथ स्वास्थ्य विभाग की लिपिक संवर्ग के विभागीय सेटअप में सुधार तथा वर्तमान में प्रचलित 89 भर्ती नियम में विसंगति के कारण सहायक ग्रेड 2/ लेखपाल को एक ही जगह रखा गया है । जबकि सहायक ग्रेड 2 से लेखपाल में पदोन्नति किया जाता है। मुख्य लिपिक से आगे कोई पदोन्नति चैनल नहीं है, जबकि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी का पद स्वीकृत है। इसे भर्ती नियम में तत्काल सुधार कर नया भर्ती नियम लागू किए जाने के संबंध में शासन प्रशासन स्तर पर चर्चा करने का निर्णय लिया गया।



### प्रांतीय पदाधिकारियों का मनोनयन

संघ के लिपिकों की समस्याओं पर चर्चा के बाद छग स्वास्थ्य लिपिक वर्गीय कर्मचारी कल्याण संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। प्रांतीय चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष साधुराम नेताम मुख्य लिपिक मनोनीत किए गए। उपाध्यक्ष देवेंद्र चापड़ी, एनआर मानकर सचिव हीरा नेताम, कोषाध्यक्ष रेशमा इक्का, सहकोषाध्यक्ष श्री कुंजाम मनोनीत किए गए। संभागीय अध्यक्ष बस्तर संभाग से राकेश नायडू, रायपुर संभाग से नितिन पांडेय, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष हेमलता साहू को मनोनीत किया गया। शेष पदों को प्रदेश अध्यक्ष के समन्वय से नामांकित करने के लिए अधिकृत किया गया है । जिला अध्यक्ष दुर्गा जान द्वारा प्रदर्शन व मंच संचालन राकेश नायडू और देवेंद्र चापड़ी ने किया गया । बैठक में हरदेव सिंह राजपूत, आरके मांडवी, एसके तिवारी,दीपक सेंगर, राकेश पांडे ,मनोज मंडे ,महेश देवांगन, सत्या , पुष्पलता कुलदीप, पार्वती मांडवी, रेखा राठौर ,मनीराम नेताम ,मन्नू हरि, रणजीत बघेल, रणजीत राजपूत,पुरुषोत्तम साहू , बजरंग नायक और सत्य नारायण शुक्ला सहित पूरे प्रदेश के स्वास्थ्य लिपिक उपस्थित थे।

## पाटन के 6 गांव में 'हमर शक्ति-हमर स्वाभिमान' अभियान हुआ शुरु

# फुलबासन बाई ने किया नशे के खिलाफ युद्ध का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▸▸|पाटन

पद्मश्री फुलबासन बाई यादव पाटन क्षेत्र के ग्राम घुघुवा (क) में आस-पास के ग्राम लोहरसी, तर्रा, सावनी, राखी, रवेली, बेंदरी, घुघुवा और पचपेड़ी गांव की महिला स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की बैठक लेकर गांव में नशे के खिलाफ युद्ध का आह्वान किया। इस बैठक मे लगभग 500 महिलाएं उपस्थित थे। पद्मश्री फुलबासन बाई यादव ने इस बैठक के माध्यम से उनके द्वारा राजनांदगांव में किये जा रहे कार्यों को दुर्ग जिले में विस्तार के शुभारंभ के रूप में देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि दुर्ग सांसद विजय बघेल ने रक्षा बंधन पर राखी बांधवाते हुए उनसे दुर्ग क्षेत्र में भी अपने कार्यों के विस्तार का अनुरोध किया था





जिससे यहां की महिलाओं को भी आत्म निर्भर के क्षेत्र में उनके अनुभवों का लाभ मिल सके। इसे इसी कड़ी में देखा जा रहा जो पद्मश्री फुलबासन बाई यादव ने पाटन के 6 गांव मे 'सुघ्घर संगवारी', 'हमर शक्ति-हमर स्वाभिमान' अभियान का शुभारम्भ कर दिया है। इसके अंतर्गत आर्थिक एवं सामाजिक आत्म निर्भरता, जल संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, पशु संरक्षण एवं नशामुक्ति के विषय पर प्रमुखता से कार्य किया जायेगा। पद्मश्री फुलबासन ने बैठक में उपस्थित महिलाओं के मनोबल बढ़ाने के लिए अपने जीवन के संघर्षों की कहानी सुनाई की कैसे वे गरीबी से तंग आकर अपने छोटे-छोटे बच्चों को पालने के लिए भीख मांगने की स्थिती आ गई थी फिर भी वे हिम्मत नही हारी और आज अपने साथ दो लाख से भी अधिक महिलाओं को जोड़ चुकी है । कार्यक्रम के आरम्भ में समाज सेवी लिलेश देशमुख ने फुलबासन के जीवन परिचय के बारे में बताया जिसमें कि कौन बनेगा करोड़पति में सदी के महानायक के साथ हॉट सीट पर बैठकर 50 लाख जीतने की बातें बताई। कार्यक्रम में समाजसेवी लिलेश देशमुख, हर्षा चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य, लोकमणि चंद्राकर, युवा समाज सेवक इंजीनियर प्रणव शर्मा, सुनील चौरसिया, समाज सेवक प्रशांत शर्मा, विजय साहू, राजेश सिंह, पूनम शर्मा, राजनांदगांव से जनिया साहू, खिलेश्वरी साहू, सरपंच लोकेश्वर साहू, सरपंच देवेंद्र साहू, सरपंच चांदनी बारले, जनपद सदस्य डाकेश्वरी ठकेन्द्र धनकर एवं मीडिया वाले बंधुगण व आसपास के ग्रामीण सम्मिलित हुए।






02

पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में कुशल को मिला स्ट्रांगमेन का खिताब

## लाइव इवेंट

### महिला हॉकी व टेबल टेनिस पुरुष टीम स्पर्धा के लिए रवाना




**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की पूर्वी क्षेत्र अंतर वि.वि. हॉकी महिला टीम 11 से 16 नवंबर को सम्बलपुर विश्वविद्यालय, ओडिसा में आयोजित प्रतियोगिता के लिए साथ ही टेबल टेनिस पुरूष टीम 13 से 16 नवंबर रॉयल ग्लोबल विश्वविद्यालय गुवाहाटी असम में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुए। शारीरिक शिक्षा संचालक डॉ दिनेश कुमार नामदेव ने बताया कि हॉकी महिला टीम के खिलाड़ियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर राजनांदगांव में एवं टेबल टेनिस पुरूष टीम के खिलाड़ियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित कराया गया था। दोनों टीमों के खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति व आयुक्त दुर्ग संभाग सत्य नारायण राठौर ने अच्छे प्रदर्शन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप से मुलाकात किये तथा दोनों टीमों के खिलाड़ियों को ट्रेकसूट, जूता व ड्रेस प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. आर. पी. अग्रवाल, डॉ. दिनेश नामदेव एवं दिग्विजय साहू उपस्थित रहे। हॉकी महिला टीम के मैनेजर रामेश्वरी महला शास. महाविद्यालय चिल्हाटी व कोच अनुराज श्रीवास्तव, राजनांदगांव और टेबल टेनीस पुरूष टीम के कोच दीपक कुमार, शास. महाविद्यालय रिसाली है।

#### यह खिलाड़ी प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा

हॉकी महिला टीम राजेश्वरी, सृष्टि गुप्ता, जानवी यादव, मीनाक्षी उमरे, भूमिका धनकर, हर्षा गोड, नेमा निर्मलकर, मेघना साहू, तेजेश्वरी साहू, सम्पदा निर्मलकर, सुमन गर्ग, डॉली, सोनम साहू, करुणा साहू, अंजली, ममतेश्वरी, हेमलता साहू, निशा प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। टेबल टेनिस पुरूष टीम में हरीश, अमन वर्मा, निखिल देवांगन, फरहान खान, लक्की सहित अन्य प्रतियोगिता में हिस्सा लेने रवाना हुए।

## सिटी इवेंट

### बास्केटबाल पुरुष स्पर्धा में 11 टीमों ने की शिरकत, विजेता हुए पुरस्कृत



**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय और क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में सेंट थॉमस महाविद्यालय में 8वें मार थियोडोशियस अंतर्विश्विद्यालयीन स्मृति बास्केटबाल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसपी भिलाई के बास्केटबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष एन के बंछोर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ पी एस वर्गीस ने की।

- 8वें मार थियोडोशियस स्मृति बास्केटबाल प्रतियोगिता का सेंट थॉमस महाविद्यालय में आयोजन

#### अतिथियों ने किया उत्साहवर्धन

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम जी रोईमोन ने स्वागत उद्बोधन में सभी खिलाड़ियो एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि महाविद्यालय के संस्थापक बिशप लेट लैमेंटेड डॉ स्टेफानोस मार थियोडोशियस सादा जीवन उच्च विचार रखने वाले व्यक्ति थे एवं उनकी महानता की याद में ही प्रति वर्ष इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ पी. एस. वर्गीस ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि एन के बंछोर ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भिलाई इस्पात संयत्र आरंभ से ही प्रतिभावान खिलाड़ियो को आगे बढ़ने में सहायक रहा है और आप सभी खूब लगन एवं मेहनत से खेलते हुए जीवन में आगे बढ़ें।

#### विजेता टीम को मिला नकद पुरस्कार व ट्राफी

इस प्रतियोगिता में कुल 11 टीमों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम सेमीफाइनल मैच में रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने केके मोदी यूनिवर्सिटी को 61-38 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल मैच में दुर्ग यूनिवर्सिटी ने कलिंगा यूनिवर्सिटी को 64-53 से हराते हुए फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच में दुर्ग यूनिवर्सिटी ने रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी को 92 - 82 से हराकर ख़िताब जीता। प्रथम पुरस्कार दुर्ग यूनिवर्सिटी को 15 हजार रूपये नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई एवं उपविजेता रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 12 हजार रूपये नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की गयी। इस टूर्नामेंट का आयोजन सेंट थॉमस महाविद्यालय के स्पोर्ट्स ऑफिसर कैलाश नारायण वर्मा, स्पोर्ट्स समिति से डॉ सपना शर्मा, डॉ सुनीता क्षत्रिय, डॉ मंजू जॉय, महेंद्र इखार, डॉ. अनुपमा गंगराड़े, अमिताभ शर्मा एवं अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

● आंवला वृक्ष की पूजा कर मनाया आंवला नवमीं

# अक्षय नवमीं पर आंवला वृक्ष के नीचे बैठकर किया सात्विक भोजन, निरोगी काया का मांगा आशीर्वाद

**आंवला नवमी का पर्व रविवार को ट्विनसिटी में भक्तिभाव के साथ मनाया गया। महिलाओं ने आंवला वृक्ष की विधिवत पूजा-अर्चना कर परिक्रमा की। परंपरानुसार परिवार सहित लोगों ने आंवला वृक्ष के नीचे बैठकर वनभोज किया। उद्यानों में सनातनियों की काफी भीड़ जुटी दिखाई दी। रविवार को छुट्टी के चलते सभी परिवार सहित गार्डन में और आंवले वृक्ष के नीचे भोजन कर पिकनिक मनाने का आनंद लिया। सभी गार्डन जहां भी आंवला वृक्ष है वहां काफी हलचल दिखाई दी।**

**भिलाई।** सनातन धर्म में आंवला नवमी का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन आंवला वृक्ष की पूजा करने पर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा बरसती है। स्वदेशी पिकनिक के इस पर्व का गहरा संबंध आयुर्वेद से भी है। सभी जानते हैं कि आंवला के फल में प्रचुर मात्रा में विटामिन सी, लौह तत्व के अलावा कई औषधीय गुण होते हैं। इस मौसम में बहुतायत में आंवला का फल बाजार में आता है। पुराणों में महत्वपूर्ण कार्तिक मास में ही भगवान श्रीहरि विष्णु योग निद्रा से जागृत होते हैं।

#### महिलाएं इस तरह बनाती हैं सात्विक भोजन

अक्षय नवमी पर महिलाएं घर पर सात्विक भोजन बनाती हैं, इस दिन बनाई जाने वाली सब्जी में महिलाएं सात प्रकार की सब्जियों को एक साथ मिलाकर बनाती हैं। महिलाएं आंवले के पेड़ के नीचे पूजा करने के बाद वहीं पर बैठकर ब्राह्मणों को भोजन कराती हैं और परिवार के लोगों के साथ वहीं भोजन करती हैं।



#### आंवले के वृक्ष में हरि निवास

यह मान्यता है कि आंवला वृक्ष के मूल में भगवान विष्णु, ऊपर ब्रह्मा, स्कंध में रुद्र, शाखाओं में मुनिगण, पत्तों में वसु, फूलों में मरुद्गण और फलों में प्रजापति का वास होता है । ऐसे में आंवले के पेड़ की पूजा करने से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। साथ ही इस की पूजा-अर्चना से व्यक्ति के जीवन में धन, विवाह, संतान दांपत्य जीवन से संबंधित समस्या खत्म हो जाती है। मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए भी अक्षय नवमी पर आंवले के वृक्ष की पूजा करने का विधान है।

#### यह कथा है प्रचलित

पुरानी पौराणिक कथा के अनुसार एक बार महालक्ष्मी भ्रमण करने के लिए पृथ्वी लोक पर आई थी। रास्ते में उन्हें भगवान विष्णु और शिव की पूजा एक साथ करने की इच्छा हुई, क्योंकि तुलसी भगवान विष्णु को प्रिय होती है और बेलपत्र भगवान शिव को, इसलिए माता लक्ष्मी को ख्याल आया कि तुलसी और बेल का गुण एक साथ आंवले के पेड़ में ही पाया जाता है। ऐसे में आंवले के वृक्ष को भगवान विष्णु और शिव का प्रतीक मानकर देवी लक्ष्मी ने उसकी पूजा की, जिससे प्रसन्न होकर भगवान विष्णु और शिव प्रकट हुए। लक्ष्मी माता ने आंवले के वृक्ष के नीचे भोजन बनाकर विष्णु और शिव को भोजन कराया। तब से इस तिथि पर आंवला नवमी का पर्व मनाया जाता है।





#### सरयूपारीण ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ ने की पूजा



सरयूपारीण ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ भिलाई दुर्ग द्वारा प्रकृति पूजन का पर्व आंवला नवमी सेक्टर 2, सड़क 18 में महिला प्रकोष्ठ प्रभारी शशिप्रभा मिश्रा के निवास स्थान पर मनाया। सभी महिलाओं ने विधि पूर्वक आंवला वृक्ष का पूजन कर भजन गाकर भगवान विष्णु की आराधना की। इस अवसर पर समाज की अध्यक्ष प्रीति राहुल दुबे, प्रभारी शशि प्रभा मिश्रा, महासचिव विमला मिश्रा, उपाध्यक्ष रीता शर्मा, लालिमा तिवारी, सह सचिव अनु पांडे, अंजू पांडे, कोषाध्यक्ष कनक मिश्रा, तनु मिश्रा, पूनम उपाध्याय सहित सभी सदस्याएं उपस्थित थी।

#### व्यंजनों का लगाया भोग, दिखा उत्साह

रविवार को महिलाएं थाल सजाकर उद्यानों में पहुंची। भिलाई के सेक्टर 1 विवेकानंद उद्यान, जवाहर उद्यान, मैत्री गार्डन, सेक्टर 1 आंबेडकर पार्क, स्मृति नगर, राजेंद्र पार्क दुर्ग समेत कई उद्यानों में महिलाओं ने आंवले के वृक्ष की पूजा अर्चना कर सूत लपेटा। वहीं पूजा-अर्चना में विशेष प्रकार के व्यंजन और फल आदि अर्पित किए गए। आरती व कथा श्रवण के बाद सपरिवार सभी ने आंवले के वृक्ष के नीचे बैठकर भोजन किया। इसमें आंवले का भी सेवन किया गया। आंवले को अमृत माना जाता है। इस दिन उद्यानों में भारी भीड़ नजर आई। पूजा-अर्चना के बाद सभी तरह-तरह के व्यंजनों का स्वाद लेते देखे गए। इसके साथ ही अब पिकनिक का दौर भी आरंभ हो जाएगा।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

कार्नर न्यूज

# प्रांतीय अग्रवाल संगठन की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ, संरक्षक बने नेतराम, आशीष युवा विंग अध्यक्ष

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रायपुर में आयोजित किया गया। इस बार संगठन में संरक्षक नेतराम एवं मनोज अग्रवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष, पंकज अग्रवाल कोषाध्यक्ष, संजय गर्ग संगठन मंत्री एवं आशीष सक्सेरिया को युवा अध्यक्ष जिम्मेंदारी दी गई। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि संगठन की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह में नवनियुक्त अध्यक्ष डॉक्टर अशोक अग्रवाल को राष्ट्रीय चेयरमेन प्रदीप मित्तल ने शपथ दिलाकर पदभार ग्रहण कराया।

**पंकज अग्रवाल कोषाध्यक्ष और संजय गर्ग बने संगठन मंत्री**



#### तीन साल के कार्यकाल का दिया ब्यौरा

राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप मित्तल ने अपने उद्बोधन में कहा की नेतराम अग्रवाल के अध्यक्षीय एवं मनोज अग्रवाल के प्रदेश महासचिव का कार्यकाल स्वर्णिम काल था। छत्तीसगढ़ की इकाई को इनके कार्यकाल में देश की सर्वश्रेष्ठ इकाई का खिताब भी मिला है। नेतराम अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठन के सभी साथियों के सहयोग का परिणाम है कि संगठन निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। मनोज अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में 3 साल के कार्यकाल की विस्तृत सूची प्रस्तुत की। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठन सभी को साथ में लेकर सेवा भाव के कार्य करते आया है एवं भविष्य में भी सारी उपयोगी योजनाओं को यथावत रखा जाएगा। इसके अलावा 18 आयोग का गठन किया गया जो कि समाज के सहयोग के लिए निरंतर कार्य करेगा।

#### इन्हें मिली जिम्मेदारी

संगठन में नेतराम अग्रवाल को संरक्षक एवं मनोज अग्रवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेंदारी दी गई। पंकज को कोषाध्यक्ष एवं संजय गर्ग को संगठन मंत्री पद पर नियुक्त किया गया एवं आशीष सक्सेरिया को युवा टीम की कमान पुनः दी की गई। गंगा अग्रवाल को महिला इकाई का अध्यक्ष एवं निधि अग्रवाल को महासचिव एवं दुर्ग की हेमलता मित्तल को चेयरमेन पद पर नियुक्ति की गई है। कार्यक्रम में रतनलाल अग्रवाल भिलाई, विकास सिंघल, विष्णु सिंघल, राकेश अग्रवाल, दिनेश लोहिया, हिमांशु, अतुल, आकाश, सागर अग्रवाल, शारदा सिंघानिया, संगीता अग्रवाल, सरला अग्रवाल सहित रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, डोंगरगढ़, राजनांदगांव के अग्रवाल समाज के लोग उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

# स्काउट गाइड ने निकाली रैली, लोगों को किया जागरूक



**भिलाई।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आयुक्त अरविंद मिश्रा के मार्गदर्शन में जन जागरूकता रैली निकाली गई। सशक्त युवा विकसित भारत 75वां स्थापना दिवस के अवसर पर विधायक और पूर्व राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काऊट एवं गाइड गजेन्द्र यादव निवास स्थान में स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने मुलाकात की। जिसके बाद विधायक का स्कार्फ से स्वागत जिला संगठन आयुक्त स्का. बालक दास राऊत द्वारा किया गया। इस दौरान स्थापना दिवस का लोगो लगाकर पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इस अवसर पर सीनियर गाइडर सरस्वती गिरिया, हेमा चंद्रवंशी, अमीता हसमुख, पूर्व जिला संगठन आयुक्त गाइड नोमिन साहू, कल्पना शुक्ला, भारती गुप्ता, स्काउटर अनिल साहू, आदर्श स्कूल एवं सरस्वती शिशु मंदिर के स्काउट एवं गाइड, रोवर रेंजर सभी सम्मिलित हुए और विधायक ने उपस्थित सभी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी।



## स्पोर्ट्स इवेंट

# पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में कुशल को मिला स्ट्रांगमेन का खिताब



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के तत्वावधान में सेठ आरसीएस कॉलेज, दुर्ग में आयोजित अर्न्तमहाविद्यालय स्तरीय वेट लिफ्टींग-पावर लिफ्टींग एवं बॉडी बिल्डिंग महिला-पुरुष प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें स्वामी श्री स्वरुपानंद सरस्वती महाविद्यालय, हुडको, भिलाई के छात्र कुशल पटेल ने 59 किलोग्राम वर्ग में कुल 590 किलो भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता साथ ही पूरे प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का सर्वोच्च पुरुस्कार स्ट्रांग मेन सर्वेश्रेष्ठ खिलाड़ी बने।

महाविद्यालय के दूसरे छात्र टोकेश वर्मा ने 74 किलो वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 610 किलो भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के अंतर्गत इस प्रतियोगिता में दुर्ग, राजनांदगांव, कवर्धा, बालोद, बेमेतरा सहित सात जिले के महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर विश्वविद्यालय के टीम का चयन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता 2024 के लिए किया गया।इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने पर गंगाजली शिक्षण समिति के चेयरमेन आईपी मिश्रा, महाविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. मोनिषा शर्मा, प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला एवं एम.एम. तिवारी क्रीड़ा अधिकारी सहित समस्त स्टॉफ ने सभी को शुभकामनाएं दिये है।

# प्रदेश स्तरीय इंटर कॉलेज वेटलिफ्टिंग व पावर लिफ्टिंग में विजेता हुए पुरस्कृत



**भिलाई।** प्रदेश स्तरीय इंटर कॉलेज वेटलिफ्टिंग और पावरलिफ्टिंग बॉडी फिजिक (फिटनेस )प्रतियोगिता का समापन सेठ रतन चंद सुराना लॉ एंड कॉमर्स कॉलेज दुर्ग में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रतिभागियों ने अपनी शारीरिक कौशल क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं अन्य स्थान प्राप्त किया। इस दौरान प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। समापन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग शहर के चिकित्सक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ शरद चंद्र अग्रवाल उपस्थित हुए और उन्होंने स्वयं प्रतिभागियों से मिलकर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विशेष रूप से शिवराज राउत, प्रवीण तिवारी, अनिल, सुराना लॉ कॉलेज के प्रिंसिपल अखिलेश अग्रवाल, कॉमर्स कॉलेज प्रिंसिपल पूनम मल्होत्रा, कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर प्रतियोगिता के इंचार्ज युवराज राउत सहित अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य जन उपस्थित थे।

## देवांगन समाज के वरिष्ठजनों और 25 समाज प्रमुखों का किया सम्मान

# गायकों ने हिन्दी गीतों से बांधा समां, छत्तीसगढ़ी गीतों में झूम उठे दर्शक, दीपमाला सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति द्वारा प्रगति नगर रिसाली स्थित परमेश्वरी मंदिर में दीपावली मिलन समारोह एवं दीपमाला सांस्कृतिक संध्या का रंगारंग आयोजन किया गया। इस अवसर पर देवांगन समाज के लोगों द्वारा शाम को अपने घरों से लाए दीपों को जलाकर पूरा मंदिर परिसर जगमगा उठा। मां परमेश्वरी की विशेष आरती के बाद सदस्यों द्वारा प्रदूषण रहित हल्के पटाखे, अनार, चकरी और फुलझड़ियां जलाकर खुशियां मनाई गई।

देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि समिति द्वारा आयोजित किए जाने वाला सभी कार्यक्रम जनहितकारी एवं विशेष संदेश देने वाला होता है। इससे समाज को नई दिशा एवं प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर रिसाली की महापौर शशि सिन्हा ने देवांगन समाज के द्वारा अन्य समाज के प्रमुखों का सम्मान करने की नई पहल की सराहना की। साहित्यकार आचार्य डॉ महेश चंद्र शर्मा ने सामाजिक स्तर पर विविधतापूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन को हर समाज के लिए अनुकरणीय बताया। भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू और छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के अध्यक्ष मेघनाथ यादव ने कहा कि वरिष्ठ जनों का सम्मान करने से उन्हें खुशी मिलती है और जीने की इच्छा बलवती होती है। समारोह को डॉ नीलकंठ देवांगन ने भी संबोधित किया।




### समारोह में इन्हे किया सम्मानित

समारोह में देवांगन समाज के 75 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों में डॉ. नीलकंठ देवांगन, पुराणिक कुमार देवांगन एवं हीरा देवांगन का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई की ओर से विभिन्न सामाजिक संगठनों के 25 समाज प्रमुखों को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया गया।





### गायक-गायिकाओं ने बांधा समां, झूमे उठे दर्शक

इस अवसर पर समिति के सांस्कृतिक विभाग के गायक-गायिकाओं द्वारा दीपावली, दीप, रोशनी आदि पर केन्द्रित गीत-संगीत का कार्यक्रम दीपमाला संगीत संध्या का रंगारंग आयोजन हुआ। गायकों ने जहां हिन्दी गीतों से समां बांधा वहीं छत्तीसगढ़ी गीतों में दर्शक झूम उठे। गायक लक्ष्मीनाथ देवांगन, राजू देवांगन, कन्हैया देवांगन, गजेन्द्र देवांगन, जुगल किशोर, मिनेश देवांगन, होमलाल, हेम कैलाश, हरीश देवांगन, जीतेन्द्र बांकुरे, शांति लाल देवांगन, त्रिलोक देवांगन, गायिका महेश्वरी देवांगन, चंचल देवांगन, विनीता देवांगन, चन्द्रप्रभा देवांगन, सारिका देवांगन, युक्ती देवांगन तथा अतिथि गायिका डॉ. सीमा साहू एवं जयति साहू ने शानदार गीत प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने सराहा।आयोजन में सत्यपाल देवांगन, राजू देवांगन, विनोद देवांगन, गजेन्द्र देवांगन, टेसूराम देवांगन, जीतेन्द्र बांकुरे, गोवर्धन देवांगन, जनार्दन देवांगन, कल्पना भानु देवांगन, शकुंतला बांकुरे, जयश्री देवांगन सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।

## आयोजन...

# श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर निकलेगी निशान यात्रा, मंदिर को सजा रहे वृंदावन से आए कारीगर



**भिलाई।** श्री श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर श्री श्याम मित्र मंडल हाउसिंग बोर्ड भिलाई और श्री श्याम मंदिर कादंबरी नगर दुर्ग में इस वर्ष भी श्री श्याम प्रभु का जन्मोत्सव 12 नवबंर, मंगलवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दिन निशान यात्रा, श्याम प्रभु का भव्य दरबार, अलौकिक श्रृंगार, सवामनी प्रसादी और 56 भोग के साथ विराट भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति के प्रमुख किशोरी लाल सिंघानिया ने बताया कि इस दिन प्रात 8 बजे दीपक नगर स्थित गर्ग सदन से विशाल निशान यात्रा निकलेगी, जो ग्रीन चौक ओवर ब्रिज धामधा रोड होते हुए श्याम मंदिर पहुंचेगी। इसके अलावा आदित्य नगर, हरी नगर, नेहरू नगर, खुर्सीपार और हाउसिंग बोर्ड भिलाई से भी श्याम भक्त निशान यात्रा लेकर श्याम मंदिर पहुंचेंगे। दोपहर में सवामणि और 56 भोग की प्रसादी लगाई जाएगी। शाम 7 बजे से विराट भजन संध्या का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। जिसमें दिल्ली से आए भजन गायक हेमंत ठाकुर और कासगंज उत्तर प्रदेश के अभिजीत सक्सेना अपने भजनों के माध्यम से प्रभु को रिझाएंगे। रामफल शर्मा, रमेश मित्तल, नारायण खेतान आदि की देखरेख में वृंदावन से आए कारीगरों द्वारा पूरे मंदिर को फूलों से सजाया जा रहा है। रात्रि में पूजा आरती और महाप्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### भिलाई में भी लगेगा भव्य दरबार

हाउसिंग बोर्ड भिलाई में बुधवार 13 नवंबर को बाबा का भाव दरबार, सवामनी, अखंड ज्योत, छप्पन भोग, फूलों की होली और श्याम रसोई की भी तैयारी जोरों से की जा रही है। इस दिन शाम को विराट भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भजन गायक प्रियांशु शर्मा खाटू से, राहुल सांवरा दिल्ली से, निहाल ठाकरन कोलकाता से और शिवम रावल इंदौर से आकर अपनी प्रस्तुति देंगे। रात्रि में श्याम रसोई के तहत महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया है देर रात पूजा एवं आरती के बाद कार्यक्रम का समापन होगा।

## गौड़ ब्राह्मण समाज का आयोजन

# दीपावली मिलन में दिखी परंपरा की झलक, बच्चों ने सुनाए श्लोक




**भिलाई।** गौड़ ब्राह्मण समाज भिलाई द्वारा दीपावली मिलन एवं अन्नकूट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न शहरों, जिलों में भी अपनी परम्परा अनुसार दीपावली मिलन एवं अन्नकूट प्रसादी का आयोजन जगह-जगह आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में गौड़ ब्राह्मण समाज भिलाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूरे प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं शहर के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं सभी वर्गो के लिए आयोजित की गई थी। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने भागवत व सुंदरकांड आदि धार्मिक ग्रंथों के संस्कृत में श्लोक व मंत्र सुनाएं। मंत्र व श्लोक प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। जिसे सभी ने सराहा। इस अवसर पर मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज, राजनांदगांव के अध्यक्ष विजय शर्मा एवं गौड़ ब्राह्मण समाज भिलाई के अध्यक्ष विजय शर्मा एवं दोनों स्थानों के सक्रिय पदाधिकारी एवं सदस्यों ने उपस्थित सामाजिक जनों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए ओयजन की सराहना की।

## ट्विनसिटी में माता दुर्गा के स्वरूप जगद्धात्री का किया गया श्रृंगार

# कालीबाड़ी में धूमधाम से मनाई गई जगद्धात्री पूजा, दशमी पर आज होगा सिंदूर खेला



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** ट्विनसिटी के सभी कालीबाड़ी मंदिर में रविवार को माता जगद्धात्री की पूजा विधि-विधान से की गई। इस दौरान छप्पन भोग लगाए गए। हुडको स्थित कालीबाड़ी में जगद्धात्री पूजा धूमधाम से मनाई गई। इस पूजा को लेकर मंदिर में विशेष तैयारी की गई थी। बड़ी संख्या में लोग पूजा में परिवार सहित शामिल हुए। रविवार को सप्तमी, अष्टमी और नवमी पूजा का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित निताई चक्रवर्ती ने बताया कि 10 नवंबर को सुबह 8 बजे कलश और मूर्ति स्थापना की गई। सुबह 10 बजे पुष्पांजलि, दोपहर 1 बजे हवन, दोपहर 1.30 बजे से भोग प्रसाद का वितरण किया गया। 11 नवंबर को दशमी के अवसर पर सिंदूर खेला का आयोजन किया जाएगा।



### माता का करते हैं शृंगार, लेते है आशीर्वाद

पुजारी ने बताया कि माता दुर्गा की पूजा के जैसा ही इस पूजा को किया जाता है। इसमें खासतौर पर मनुष्य को अपनी ज्ञाननेद्रियों पर नियंत्रण रखने का ज्ञान मिलता है। अभिमान का नाश ही इस उत्सव का मकसद है। इस त्यौहार में जगद्धात्री देवी की प्रतिमा को सुन्दर लाल साड़ी, तरह- तरह के आभूषण पहनाये जाते है। देवी की प्रतिमा को फूलों की माला से भी सजाया जाता है। देवी जगद्धात्री और देवी दुर्गा का स्वरुप बिलकुल एक जैसा होता है। नव रात्रि के जैसा ही इसका आयोजन किया जाता है।



## सिटी स्पोर्ट्स

## इंटरनेशनल मास्टर एथलिट चैंपियनशिप में महाराष्ट्र मंडल की मालती को ब्रांज



**रायपुर।** बंगाल मास्टर्स एथलिट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सातवीं इंटरनेशनल मास्टर्स एथलिट चैंपियनशिप 2024 में महाराष्ट्र मंडल रायपुर की सह सचिव मालती मिश्रा ने 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए आयोजित लंबी कूद स्पर्धा में ब्रांज मेडल्स जीता है। मालती की इस उपलब्धि पर महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले, सचिव चेतन गोविंद दंडवते और कार्यकारिणी ने उन्हे बधाई दी है। पश्चिम बंगाल के अशोक नगर स्थित डा. बिधानचंद्र राय क्रीड़ांगन में न्नौ और 10 नवंबर को आयोजित दो दिवसीय स्पर्धा में अलग-अलग आयु वर्ग के लिए कई स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। मालती मिश्रा ने फोन पर चर्चा में बताया कि छत्तीसगढ़ से 35 सदस्यों की टीम विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लेने के लिए पहुंच रही हैं। स्पर्धा में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ सहित देश के कई प्रदेशों की टीम पहुंची है। वहीं बांग्लादेश और श्रीलंका के लोग भी स्पर्धा में भाग लेने के लिए आए हैं।

अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा कि मालती मिश्रा महाराष्ट्र मंडल की सह सचिव ही नहीं बल्कि खेल समिति की सह प्रभारी भी हैं। उन्होंने 60 प्लस आयु वर्ग में ब्रांज मेडल हासिल कर युवा पीढ़ी को प्रेरित किया है। साथ ही इस उन्होंने खेल समिति में अपने कार्यों और कर्तव्यों को भी सिद्ध कर दिया है। इस स्पर्धा में कई प्रतिभागी 75 प्लस आयु वर्ग के हैं। जो पूरे उत्साह के साथ स्पर्धा में भाग ले रहे हैं।

## अखिल भारतीय टेनिस टूर्नामेंट में विहार और ऐयाना बने चैम्पियन



**रायपुर।** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस संघ द्वारा तीन दिवसीय ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट सीएस 3 अंडर 14 गर्ल्स एवम बॉयज 8 नवंबर से जारी है। यूनियन क्लब एवम छत्तीसगढ़ क्लब में हुई इस प्रतियोगिता के टूर्नामेंट डायरेक्टर टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा एवम मुख्य निर्णायक रुपेंद्र सिंह चौहान है।

अंतिम दिन के परिणाम में अंडर 14 आईटा चैंपियनशिप सीरीज के बालिका वर्ग के फ़ाइनल मुक़ाबले में एयाना कपूर ने वान्या पुंढीर को 61,6-2 से शिकस्त देकर फाइनल में विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। बालक वर्ग के फ़ाइनल मुक़ाबले में विहार शरण भाटिया ने अव्यक्त अग्रवाल को 6-4,4-3 रिटायर्ड से शिकस्त देकर फाइनल में विजेता बने। विजेताओ को टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अवतार जुनेजा ,सह सचिव सुनील सुराना ,रुपेंद्र चौहान और कार्यकारी सदस्य प्रदीप मथानी ने पुरस्कृत किया। मैच के निर्णायक लुकेश नेताम,रोहन मंडल, देवेंद्र सिंह,प्रेम प्रकाश ध्रुव, अमन ध्रुव, मोनेश साहू और रितेश साहू थे।

## सीके नायुडु ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ को बढ़त





**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर-23 सी के नायुडु ट्रॉफी का आयोजन 13 अक्टूबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच (08-11 नवंबर) कानपुर में उत्तर प्रदेश अंडर-23 टीम के विरुद्ध खेला गया। तीसरे दिन छत्तीसगढ अंडर-23 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 84 ओवरों में 10 विकेट खोकर 264 रन बनाये। छत्तीसगढ की ओर से हर्ष साहु ने शानदार शतक लगाते हुये 111 रन बनाये। उनके अतिरिक्त आशीष डहरिया ने 37 रन तथा मयंक यादव ने 25 रन बनायें।

उत्तर प्रदेश अंडर-23 टीम की ओर से कुणाल त्यागी तथा विजय कुमार ने 4-4 विकेट प्राप्त किये। उत्तर प्रदेश ने अपनी पहली पारी में 81.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 267 रन बनाये। उत्तर प्रदेश की ओर से आदर्श सिंह ने 92 रन तथा प्रशांत वीर ने नाबाद 66 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ की ओर से मयंक यादव ने 5 विकेट तथा आयुष ठाकुर ने 3 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ ने अपनी दूसरी पारी में 74 ओवरों में 4 विकेट खोकर 240 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ की ओर से हर्ष साहु ने नाबाद 89 रन तथा आशीष डहरीया ने 59 रन बनाये।

### कुछ मेवे और सब्जियों से भी नियंत्रित कर सकतें हैं फैटी लिवर

# फैटी लिवर की परेशानी का हल मौजूद है आपके खाने में, इन्हें जरूर आजमाएं

*फैटी लिवर मतलब लिवर के आसपास जरूरत से ज्यादा फैट जमा हो जाता है तो उसे फैटी लिवर कहा जाता है। ज्यादातर पुरुषों के मामलों में ऐसा अल्कोहल के सेवन, तेल-मसाले वाले खाने की वजह से होता है। ज्यादातर मामलों में फैटी लिवर के कोई लक्षण नहीं होते हैं। लेकिन कई मामलों में ये स्थिति लिवर के लिए हानिकारक हो सकती है। इसलिए जरूरी है कि फैटी लिवर होने पर हेल्दी खाना खाया जाए। ऐसा खाना खाया जाए जो फैटी लिवर को वापस हेल्दी बना दें। फैटी लिवर होने पर क्या-क्या खाना चाहिए? जवाब जानिए-फैटी लिवर की असल स्थिति का अंदाजा फैट से लगाया जाता है, ये बात पहले भी बताई जा चुकी है। लेकिन असल में कितना फैट बढ़ने पर ऐसा होता है।*



### खाने में हेल्दी डाइट

फैटी लिवर वो समस्या है जिसके चलते कई बार पेट में दर्द होता है और कई बार उल्टी भी महसूस होती है। पेट में दर्द होता है और इतना ही नहीं कई बार स्किन पर पीलापन भी आ जाता है। स्थिति ज्यादा खराब होने पर लिवर में सूजन भी आ जाती है। इसलिए जरूरी है कि इससे बचने के साधन तलाशे जाएं। सबसे अच्छा तरीका ये होगा कि खाने में हेल्दी डाइट ली जाए। ओमेगा 3 फैटी एसिड अखरोट की खासियत होता है, यही खासियत लिवर के लिए फायदेमंद होती है।

### शरीर की चर्बी होती है कम


लहसुन के फैटी लिवर में फायदा करने की वजह इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। जिनसे फैटी लिवर में काफी फायदा मिल जाता है। पत्तेदार सब्जियां भी इस स्थिति में काफी फायदा देती हैं। खासतौर पर ब्रोकोली खाने से फैटी लिवर में काफी आराम मिलता है। दरअसल इनके सेवन से शरीर की चर्बी कम होती है।

### सभी अंगों को मिलता है फायदा

आप इसके लिए फूलगोभी, हरा प्याज, गाजर, कद्दू, पत्तेदार साग, चुकंदर आदि का सेवन भी कर सकते हैं। ये सब्जियां शरीर को और फायदे भी देती हैं, जिससे शरीर हेल्थी होता जाता है और फायदा सभी अंगों को मिलता है। मछली में अखरोट की तरह ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है। कई शोधों में पाया गया है कि ये एसिड फैट के लेवल और फैटी लिवर दोनों को ठीक करता है। इसके सेवन से कोलेस्ट्रॉल के लेवल में सुधार होता जाता है। मछली में भी कुछ खास नाम इस काम में आपकी मदद कर सकते हैं जैसे सैल्मन और टूना। मछली खाने वालों को कई फायदे होते हैं।

### फैटी लिवर में फायदा

कॉफी और ग्रीन टी का सेवन करने से अभी लिवर में जमा फैट कम हो जाता है। इसलिए इन्हें भी संतुलित मात्रा में सेवन किया जा सकता है। ध्यान रहे कैफीन की मात्रा' इतनी न हो कि दूसरी दिक्कतें शुरू हो जाएं। इसलिए सोच समझकर एक्सपर्ट की सलाह पर ही कैफीन का सेवन करें। ओट्स भी फैटी लिवर में फायदा देने वाला खाना है। इसमें मौजूद कार्बोहाइड्रेट और फाइबर इसमें मदद करते हैं। कार्बोहाइड्रेट से ऊर्जा मिलती है तो फाइबर से फैट कम होता है। इससे पेट भी साफ होता है। टोफू सोयाबीन से बनता है और फैटी लिवर में काफी लाभदायक है।



### इलाज कराना सबसे जरूरी

फैटी लिवर को अगर समय पर ठीक करने के उपाय न किए जाएं तो समस्या काफी बढ़ सकती है। फैटी लिवर, लिवर सिरोसिस में बदल सकता है। इसलिए समय रहते इसका इलाज कराना सबसे जरूरी है। अगर फैटी लिवर की समस्या है तो मरीज को वजन कम करने की कोशिश करनी चाहिए। वजन कम करके फैट कम होगा तो लिवर पर जमी एक्स्ट्रा चर्बी भी कम होती जाएगी। बस यही से फायदा शुरू हो जाएगा। खास बात ये है कि अगर वजन कम कर लिया जाए और एल्कोहल छोड़ने के साथ लाइफस्टाइल में सुधार कर लिए जाएं तो फैटी लिवर की समस्या खत्म की जा सकती है।



## बोहेमियन शैली में करें घर की सजावट, खिल उठेगा हर कोना

बोहेमियन शैली उन महिलाओं के लिए आदर्श है, जो चाहती हैं कि उनका घर पारंपरिक दिखे। बोहेमियन इंटीरियर के माध्यम से आप अपने घर को अधिक खूबसूरत बना सकती हैं। जिन लोगों को परंपरागत सीनरी और फोटो फ्रेम आदि दीवारों पर लगाने में आलस महसूस होता है, उनके लिए बोहो आर्ट एक तरह का रिफ्रेशमेंट है। बोहो कला दरअसल एक अपरंपरागत श्रेणी है, जो फैशनेबल होने के साथ-साथ देसी टच भी देती है। बोहेमियन आर्ट बेहद ही खूबसूरत होती है। इसमें कला के परंपरागत नियमों का बंधन न होकर पूरी तरह वास्तविक समाज की छाप होती है, फिर चाहे वह प्रकृति प्रेम हो या जनजातीय जीवन। आप भी अपने घर को बोहेमियन होम डेकोर स्टाइल से सजाकर खूबसूरत और आकर्षक लुक दे सकती हैं।

इस आर्ट डेकोरेशन में पौधों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आप चाहें तो घर को सजाने के लिए प्लांट हैंगिंग का उपयोग करें, क्योंकि ये कम जगह घेरते हैं। आप आर्टिफिशियल प्लांट का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।

बोहो आर्ट में रंगों के मैचिंग कॉन्सेप्ट से हटकर ढेर सारे वाइब्रेंट रंगों का प्रयोग होता है, जैसे कि पर्पल सोफे पर गुलाबी कुशन या न्यूड कलर बेड के साथ डार्क मल्टी कलर का बैक ग्राउंड। लेकिन एक पैटर्न को फॉलो करना जरूरी है, वरना यह अजीब और भद्दा लगेगा।

सर्दियां आने वाली हैं, ऐसे में आप लिविंग रूम या कमरे में एक विंटेज लुक का रग यानी गलीचा जरूर बिछाएं। टर्किश रग कमरे को बहुत रॉयल लुक देते हैं। अगर कमरा छोटा है तो आप छोटे-छोटे रग भी बिछा सकती हैं।



दीवार को सजाने के लिए रंग-बिरंगे टेपेस्ट्री वॉल हैंगिंग का इस्तेमाल करें। यह दिखने में बहुत सुंदर और क्लासी लगते हैं। प्रिंट के मामले में ट्राइबल प्रिंट पहले नंबर पर आता है, क्योंकि यह जनजातीय कला है।

बोहो आर्ट डेकोरेशन में आप लाइट्स का उपयोग भी कर सकती हैं। साधारण टेबल लैंप के बजाय रंग-बिरंगे शेड्स वाले लैंप का इस्तेमाल करें। इसके अलावा आप कमरे की छत और दीवारों पर भी हैंगिंग लाइट्स लगा सकती हैं।

आजकल रंग-बिरंगी दीवारों का चलन कम है और इसकी जगह पोर्टेबल आर्ट दीवारें लगाई जा रही हैं। बाजार में आजकल बोहो होम डेकोर वॉल आर्ट और टक्सन पोर्टेबल आर्ट मिल रही हैं। इंटीरियर डेकोरेशन में बोहेमियन विंड चाइम और झूमर क्रिस्टल प्रिज्म भी सुंदर दिखते हैं। इनको सकारात्मक ऊर्जा के लिए घरों में टांगा जाता है।

इंटीरियर डिजाइनर वारिजा बजाज कहती हैं, आप जब भी अपने घर को सजाएं, इस बात का ध्यान रखें कि उसमें आपका व्यक्तित्व जरूर झलकना चाहिए। बोहो आर्ट प्रकृति प्रधान है, जिसमें लकड़ी, जूट, पौधे, हरियाली, जीव-जंतु के साथ-साथ हरे और मटमैले रंग की प्रधानता रहती है। वैसे तो बोहो आर्ट हमेशा से लोकप्रिय रही है, लेकिन कोरोना महामारी के बाद इसका क्रेज बढ़ गया है।

## टेटे सीनियर तथा होप्स में अर्जुन अथर्व, सुष्मिता और बीनू विजेता




**रायपुर।** 22वीं स्टेग छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 में सीनियर पुरुष एवं महिला एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एवं बालिका एकल वर्ग में मुकाबले हुए। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के सहयोग से 07 नवंबर से सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में जारी इस प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ।

इसके पहले 9 नवंबर की शाम सीनियर पुरुष एवं महिला एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एवं बालिका एकल वर्ग प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चार्टर्ड एकाउंटेंट दीपक जैन ने की। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सह सचिव प्रेमराज जाचक, आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े एवं मुख्य निर्णायक प्रदीप जोशी उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन विमल नायर ने किया। प्रतियोगिता में कल खेले गये सीनियर पुरुष एवं महिला एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एवं बालिका एकल वर्ग के फायनल मुकाबले हुए। जिसमें सीनियर पुरुष वर्ग में विजेता अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर), उपविजेता- प्रणय चौहान (रायपुर) 4-3 रहे। इसमें अर्जुन मल्होत्रा ने सबसे कम उम्र में पहली बार राज्य विजेता बन कर इतिहास बनाया। सीनियर महिला वर्ग में विजेता सुष्मिता सोम (बिलासपुर), उपविजेता- सिया मेघानी (बिलासपुर) 4 -1 रहे। सुष्मिता सोम ने सेमी फायनल में कई वर्षों तक राज्य विजेता रही, सुरभि मोदी को हराकर सबसे बड़ा उलटफेर किया एवं फायनल मैच जीतकर महिला वर्ग में पहली बार राज्य विजेता बनी। यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक वर्ग विजेता - अथर्व साहू (दुर्ग) और उपविजेता- तुषार सोना (दुर्ग) 3-2 रहे।

## जावित्री की चाय पीने से मिल सकते हैं सेहत को कई फायदे



जावित्री, रसोई में मौजूद गुणों से भरपूर एक मसाला है। इसकी चाय, सेहत को कई तरह से फायदा पहुंचाती है। हालांकि, इसका बहुत अधिक मात्रा में सेवन नहीं करना चाहिए।इसकी चाय कई तरह से हमारे लिए फायदेमंद है। अगर आप सही तरीके और सही मात्रा में जावित्री की चाय का सेवन करेंगी, तो इससे सेहत दुरुस्त रहेगी और एक नहीं बल्कि कई समस्याओं में लाभ मिलेगा। जावित्री की चाय पीने से आपको क्या फायदे मिल सकते हैं, इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं। यह जानकारी डाइटिशियन नंदिनी दे रही हैं। वह सर्टिफाइड डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट हैं।

जावित्री में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। इसकी चाय पीने से इम्यूनिटी मजबूत होती है और मौसमी बीमारियां दूर रहती हैं। अगर आपको अक्सर मौसमी बीमारियां और इंफेक्शन घेर लेते हैं, तो जावित्री की चाय का सेवन करें। यह शरीर के लिए एक हेल्दी टॉनिक के तौर पर काम करती है। जावित्री की चाय पीने से डाइजेशन भी दुरुस्त होता है। इससे डाइजेस्टिव एंजाइम्स का सीक्रेशन बढ़ता है, मेटाबॉलिज्म दुरुस्त होता है और पाचन में सुधार होता है। जावित्री की चाय मेटाबॉलिज्म को सुधारती है और इससे फैट बर्निंग तेज होती है। इसे पीने से वजन भी आसानी से कम होता है। अगर आप वजन कम करना चाहती हैं, तो इस चाय को जरूर डाइट में शामिल करें। जावित्री में एंटी-डायबिटिक गुण होते हैं। इसकी चाय पीने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है। यह चाय शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को भी सुधारती है। इससे चेहरे पर चमक बनी रहती है। जावित्री की चाय पीने से स्ट्रेस लेवल कंट्रोल में रहता है। यह शरीर को डिटॉक्स करने में भी मदद करती है। यह चाय जोड़ों के दर्द और पीरियड्स क्रैम्प्स में भी आराम पहुंचा सकती है।

### कार्नर न्यूज

### प्री-वर्कआउट मील से मिलने वाली एनर्जी से आप कर पाते हैं बेहतर एक्सरसाइज

# वीगन डाइट फॉलो करते हुए आप ले सकते हैं प्री-वर्कआउट मील, सेहत में दिखेगा बदलाव

*वर्कआउट के दौरान हम सभी अपना बेस्ट देना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आपकी बॉडी में वो एनर्जी भी हो, जिससे आप अधिक फोकस्ड तरीके से वर्कआउट कर पाएं। इसलिए, हर किसी को प्री-वर्कआउट मील लेने की सलाह दी जाती है। यह प्री-वर्कआउट मील आपको वो एनर्जी देता है, जिससे आप बेहतर एक्सरसाइज कर पाते हैं। यूं तो आप प्री-वर्कआउट के रूप में कई चीजों का सेवन कर सकते हैं, लेकिन अगर आप वीगन डाइट पर हैं तो ऐसे में आपके लिए सही प्री-वर्कआउट मील को ढूंढना आपके लिए मुश्किल हो सकता है। हालांकि, फिर भी आप बेहद आसानी से वीगन डाइट पर रहते हुए कई फूड्स को अपने प्री-वर्कआउट मील का हिस्सा बना सकती हैं। ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन ऋतु पुरी बता रही हैं कि वीगन डाइट पर आप किन प्री-वर्कआउट मील को ले सकती हैं-*



### केला और आलमंड बटर टोस्ट

वीगन प्री-वर्कआउट मील के रूप में केला और आलमंड बटर टोस्ट लिया जा सकता है। यह कार्ब्स और हेल्दी फैट्स का अच्छा सोर्स है। साथ ही साथ, इससे आपको प्रोटीन भी मिलता है। इतना ही नहीं, केले में पोटेशियम होता है, जो वर्कआउट के दौरान मांसपेशियों में ऐंठन को रोकने में मदद करता है। इसके लिए, आप ब्रेड को एक होल ग्रेन ब्रेड लेकर उसे टोस्ट करें। इस पर एक बड़ा चम्मच आलमंड बटर डालकर फैलाएं और इसके ऊपर केले के स्लाइस डालें। आप चाहें तो इस पर चिया सीड्स स्प्रिंकल करें।

### ओट्स और बेरी बाउल

प्री-वर्कआउट के रूप में ओट्स भी खाए जा सकते हैं। ओट्स धीरे-धीरे पचते हैं, जिससे आपको लंबे समय तक एनर्जी मिलती है। जब आप इसमें बेरीज को शामिल करती हैं तो इससे मसल्स रिकवरी में भी मदद मिलती है। ओट्स और बेरी बाउल बनाने के लिए एक कप बादाम या सोया मिल्क लें और उसमें आधा कप रोल्ड ओट्स को पकाएं। अब इसमें ऊपर से बेरीज और एक चम्मच भांग के बीज डालें।

### फल और मेवे की स्मूथी

अगर आप एक इंस्टेंट प्री-वर्कआउट मील बनाना चाहते हैं तो ऐसे में आप फल, नारियल पानी और मेवे की मदद से स्मूथी बना सकते हैं। फलों में नेचुरल शुगर होती है, जो आपको एनर्जी देती है। वहीं, नारियल पानी से हाइड्रेशन मिलता है। स्मूथी बनाने के लिए आप एक ब्लेंडर में एक केला, एक मुट्ठी पालक, आधा कप फ्रोजन आम, एक बड़ा चम्मच बादाम मक्खन और एक कप नारियल पानी डालकर अच्छी तरह ब्लेंड करें। अब आप इसे तुरंत पीएं।



### फलों के साथ बनाएं चिया पुडिंग

प्री-वर्कआउट के रूप में चिया पुडिंग खाना अच्छा विचार है। चिया सीड्स ओमेगा-3, प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होते हैं, जो आपको लगातार एनर्जी देते हैं। साथ ही, फलों से आपको नेचुरल शुगर मिलती है और आप अधिक एनर्जेटिक महसूस करते हैं। इसके लिए आप एक जार में आधा कप प्लांट बेस्ड दूध, चिया सीड्स डालकर रातभर के लिए फ्रिज में रख दें। अगली सुबह आप इसमें आम, कीवी या केले के स्लाइस काटकर डालें और एन्जॉय करें।

लाइफ स्टाइल

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## रेड गार्जियन-बक्की की थंडरबोल्ट का ट्रेलर जारी, जल्द रिलीज की तैयारी



थंडरबोल्ट में इस बार आपको बक्की, रेड गार्जियन, जॉन वॉकर, गोस्ट, टास्क मास्टर और एक नया किरदार बॉब देखने को मिलेगा। आज कुछ ही देर पहले हॉलीवुड फिल्म थंडरबोल्ट ब्राजील डी 23 के ट्रेलर के साथ ही इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया गया है। एमसीयू की एवेंजर्सः एंडगेम के बाद अब मार्वल अभी भी फैंटास्टिक फोर और एक्स-मेन जैसी प्रतिष्ठित टीमों की शुरुआत की ओर बढ़ रहा है। ऐसा लग रहा है कि अब मावर्ल को संभाले की जिम्मेदारी थंडरबोल्ट्स के कंधों पर आ गई है। थंडरबोल्ट्स ट्रेलर में भरपूर एक्शन और एवंजर्स टीम की पहली झलक मिली है, जिसमें जूलिया लुइस-ड्रेफस की कोंटेसा वेलेंटीना एलेग्रा डी फॉन्टेन, डेविड हार्बर की रेड गार्डियन, हन्ना जॉन-कामेन की घोस्ट, वायट रसेल की यूएस एजेंट, ओल्गा कुरीलेन्को की टास्कमास्टर, फ्लोरेंस पुघ की ब्लैक विडो, येलेना बेलोवा, सेबेस्टियन स्टेन की बकी/विंटर सोल्जर और लुईस पुलमैन की ₹बॉबर₹ द सेंट्री शामिल हैं। फ्लोरेंस पुघ, सेबेस्टियन स्टेन और बाकी सितारे मार्वल की आगामी फिल्म थंडरबोल्ट्स में धमाल मचाते नजर आ रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर शनिवार को पहली बार ब्राजील डी 23 फैन इवेंट में दिखाया गया। फिल्म में रेड गार्डियन की भूमिका निभाने वाले डेविड हार्बर दर्शकों के सामने ट्रेलर पेश करने के लिए मौजूद थे।

### टॉलीवुड

## भव्य स्तर पर लॉन्च होगा 'पुष्पा 2 द रूल' का ट्रेलर, कई कार्यक्रम करेंगे निर्माता

अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' अगले महीने सिनेमाघरों में धमाल मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर लॉन्च को लेकर कई योजनाएं बनाई हैं, जिसके बारे में आखिरकार उन्होंने फैंस को अपडेट दिया है। फिल्म का ट्रेलर लॉन्च भव्य अंदाज में भारत के विभिन्न स्थानों पर होने वाला है। चलिए जानते हैं 'पुष्पा 2' के ट्रेलर पर आई दिलचस्प जानकारी के बारे में...




पुष्पा 2ः द रूल की टीम पटना से एक बड़े ट्रेलर लॉन्च की शुरुआत करने के लिए तैयार है, जो कोलकाता, चेन्नई, कोच्चि, बेंगलुरु, मुंबई जैसे स्थानों पर जारी रहेगा और अंत में हैदराबाद में समाप्त होगा। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से बड़े पैमाने पर पैन-इंडिया ट्रेलर लॉन्च की आधिकारिक घोषणा की है। अल्लू अर्जुन अभिनीत पुष्पा 2ः द रूल की रिलीज को लेकर चर्चा दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। हाल ही में, पुष्पा 2ः द रूल के सेट से एक तस्वीर इंटरनेट पर सामने आई, जिसमें अभिनेत्री श्रीलीला को अभिनेता के साथ एक कैमियो डांस नंबर करते हुए देखा गया। पहले ऐसी अफवाहें थीं कि श्रद्धा कपूर या तृप्ति डिमरी जैसी बॉलीवुड अभिनेत्रियां सीक्वल फिल्म में डांस नंबर कर सकती हैं। हालांकि, बाद में इस बात का खंडन किया गया और साथ ही यह भी कहा गया कि पहली किस्त में ऊ अंतवा के बाद सामंथा भी उसी फिल्म में वापसी कर सकती हैं।

'पुष्पा 2ः द रूल' 2021 की फिल्म 'पुष्पाः द राइज' का सीक्वल है। अल्लू अर्जुन के प्रशंसकों को उन्हें फिर से बड़े पर्दे पर देखने के लिए तीन साल का इंतजार करना पड़ा। 'पुष्पा 2' 500 करोड़ रुपये के बजट पर बनी सबसे महंगी फिल्मों में से एक है। फिल्म पुष्पा राज की कहानी पर आधारित है, जो तस्करी करते हुए और बिना किसी से डरे अपना काम करता है।

### भोजपुरी

## अक्षरा की नई फिल्म 'जानू आई लव यू' की पहली झलक आई सामने, तेवर दिखाती आईं

अभिनेत्री अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस से जुड़ी रहती हैं। वे यहां न सिर्फ अपनी निजी, बल्कि प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी हर अपडेट भी साझा करती हैं। आज उन्होंने अपनी आगामी फिल्म के बारे में फैंस को जानकारी दी है। अक्षरा की आगामी फिल्म का नाम 'जानू आई लव यू' है। आज इसका पहला पोस्टर जारी हुआ है।



अक्षरा सिंह ने इंस्टाग्राम पर 'जानू आई लव यू' की पहली झलक साझा की है। पोस्टर में अक्षरा तीखे तेवर दिखाते नजर आ रही हैं। पोस्टर में उनकी एक मुख्य तस्वीर है। इसके अलावा कई और भी लुक हैं। एक में वे फूलों की माला पहनें हाथ जोड़े नजर आ रही हैं। उनका यह अंदाज किसी नेता जैसा लग रहा है, जैसे कि अपनी चुनावी जीत पर जनता का आभार जता रही हों। अक्षरा के साथ इस फिल्म में विक्रांत सिंह नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन अनुराग मिश्रा ने किया है। फिल्म का पहला पोस्टर देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस फिल्म में उनके अलग-अलग अंदाज देखने को मिलेंगे और फिल्म काफी दिलचस्प होगी। फिलहाल पोस्टर पर यूजर्स की प्रतिक्रिया देखने लायक है। कुछ फैंस उनकी तुलना कंगना से कर रहे हैं। कमेंट कर रहे हैं, 'जिस तरह कंगना बॉलीवुड की क्वीन हैं, वैसे ही आप भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन हो'। कुछ यूजर्स नई फिल्म के लिए बधाई दे रहे हैं।

## रोशनी का खेल


पिछले दिनों पेरिस फैशन वीक में बायोडिग्रेडेबल सामान से बने कपड़े, घरों में तैयार कॉउचर गाउन और अफ्रीकी लोककथाओं से प्रेरणा लेने वाला कलेक्शन अपनी रचनात्मकता के साथ दर्शकों के सामने आया। यहां एक गाउन विशेष चर्चा में रहा, जिसमें जीवंत प्रिंट, विशाल आकार, अलंकृत बेलबूटे और क्रिनोलिन कलाकारी थी। इस नीली उडी फूल बोलेरो और काली स्लिप ड्रेस को तैयार करने बड़े फूलों के आकार को महीनों में विकसित किया गया। इसे सेक्विन और क्रिस्टल से सजाया गया है, जिससे जब मॉडल मुड़े तो वे बारिश की बूंदों की तरह चमकें।



# इन गलतियों के कारण बढ़ जाती है त्वचा में ड्राईनेस

त्वचा की सही तरीके से देखभाल करते रहने से स्किन लम्बे समय तक जवां और खूबसूरत रहती है। इसके लिए सबसे पहले आपको स्किन टेक्सचर को समझना जरूरी होता है। अक्सर त्वचा को सही पोषण न मिलने के कारण स्किन ड्राई होने लगती है, लेकिन कई बार जाने-अंजाने में गलत स्किन केयर स्टेप को फॉलो कर लेने से भी त्वचा बेजान नजर आ सकती है। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं वो गलतियां जिनके कारण आपकी त्वचा हो सकती है और भी ज्यादा ड्राई।

स्किन पोर्स को साफ करने और चेहरे पर मौजूद डेड स्किन की लेयर हटाने के लिए चेहरे पर समय-समय [आर स्क्रब करना जरूरी होता है, लेकिन सर्दियों के मौसम में त्वचा पहले से ही ड्राई होती है और इस पर



बार-बार फेस स्क्रब का इस्तेमाल करने से स्किन छिल सकती है और ड्राईनेस को भी बढ़ा सकती है। इसके लिए आप हफ्ते केवल 1 बार ही फेस स्क्रब का इस्तेमाल करें और स्क्रब करते ही चेहरे पर मॉइस्चराइजर जरूर लगायें। किसी भी चीज को चेहरे पर लगाने से पहले आपको यह जानना बेहद जरूरी होता है कि क्या यह इंग्रेडिएंट आपकी स्किन पर सूट करेगा भी या नहीं? हालांकि इसके लिए हम पैच टेस्ट करते हैं, लेकिन कई बार हम केवल बड़े ब्रांड और एड्स देखकर प्रोडक्ट खरीद लेते हैं और लगा लेते हैं। इस कारण हमारी त्वचा डैमेज हो सकती है और यह स्किन ड्राईनेस को बढ़ा सकती है। इसके लिए आपको सबसे पहले स्किन टाइप और टेक्सचर को समझना चाहिए और चाहे तो आप किसी स्किन एक्सपर्ट की सलाह भी ले सकते हैं। मौसम चाहे कैसा भी हो, स्किन को नार्मल सीटीएम रूटीन के अलावा भी कई चीजों की आवश्कयता होती है। इसके लिए आपको हफ्ते में करीब 3 बार तक चेहरे पर शीट मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके अलावा आपको रोजाना चेहरे पर फेस ऑयल और स्किन केयर रूटीन में सीरम को शामिल करना चाहिए। यह आपकी त्वचा को हाइड्रेटेड बनाने में सहायता करेंगे।

## जींस के साथ ऐसे पहनेंगे प्रिंट तो लुक में मिलेंगे फुल मार्क्स, टॉप टिप्स ये रहे



फैशन



जींस आपके फैशन स्टेटमेंट को परफेक्ट बनाती है। लेकिन आपको अभी भी लगता है कि उसमें और भी अच्छे दिख सकते हैं। अब गर्मी है तो आपके लिए मौसम को देखते हुए भी डेनिम पहननी है।

इस मौसम में आप प्रिंट भी जरूर पहनना चाहते होंगे। अगर आप जींस और प्रिंट को साथ में पहनना चाहते हैं, वो भी पर्फेक्ट्ली तो हम आपके लिए कुछ टिप्स ले आए हैं। ये टिप्स आपको प्रिंट और डेनिम का कॉम्बिनेशन करना सिखा देंगे।

### कूल-कूल बेस कलर

डेनिम के साथ प्रिंट शर्ट चुननी है तो सबसे पहले इस शर्ट का बेस कलर बिल्कुल कूल वाला चुन लीजिए। कूल जैसे लाइट ब्लू, लाइट ऑलिव आदि। इस बेस कलर पर डार्क कलर का प्रिंट भी चलेगा। इस शर्ट को जींस में टक इन करके पहनें। लुक बेहद अच्छा आएगा।

### पेस्टल कलर चेक शर्ट

प्रिंट में पोल्का डॉट और चेक बेहद कॉमन हैं। लेकिन आप इन्हें भी चुन सकते हैं। आप इनके पेस्टल कलर में चुनाव कीजिए और इन्हें टक इन करके पहनिए। ये लुक आप पर अच्छा लगेगा ही।

### कैजुअल लुक के लिए

आपको कैजुअल लुक चाहिए तो जींस के साथ टाइप सेंट्रिक प्रिंटेड टीशर्ट पहनें। साथ में काले सनग्लासेज भी लगाए जा सकते हैं।

### एक सी कलर टोन

डेनिम जींस आपकी जिस भी कलर की है, शर्ट भी उसी कलर की चुनिए। शर्ट का बेस कलर जींस जैसा या फिर उससे कुछ हल्का होना चाहिए और इस पर हल्के रंग के प्रिंट हों तो लुक परफेक्ट आएगा।

### हल्के रंग की डेनिम

आपकी जींस अगर काले, नीले या किसी और रंग में भी हल्के शेड की है तो भी प्रिंटेड शर्ट का लुक अच्छा आता है। लेकिन तब आपको प्रिंट डार्क कलर के चुनने होंगे। इसके साथ सफेद स्नीकर भी कमाल करेंगे।

## सिर्फ कॉटन ही नहीं स्किन फ्रेंडली हैं ये फैब्रिक जो त्वचा की एलर्जी से दे सकते हैं राहत !



सेंसेटिव स्किन की बात हो या त्वचा की एलर्जी, हर कोई बस सूती कपड़े पहनने की सलाह देता है। मगर क्या कॉटन के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है? सवाल एकदम सही है और इसका सटीक जवाब है- एक नहीं कई ऐसे फैब्रिक हैं जो स्किन फ्रेंडली हैं। लेकिन केवल सूती ड्रेस पहनने से बात नहीं बनने वाली है। इसलिए अगर आप कॉटन के कपड़ों के अलावा अन्य फैब्रिक से बने ड्रेस पहनना चाहते हैं तो विकल्प मौजूद है।

### सूती कपड़े हैं सुपर

जिन लोगों को त्वचा संबंधित एलर्जी होती है, उनको सूती कपड़े के ड्रेस पहनने की सलाह दी जाती है। गर्मी में त्वचा से संबंधित कोई समस्या नहीं है तो भी हमें ऐसे कपड़ों को पहनना चाहिए। वहीं सर्दियों में भी लोग सूती पहनना पसंद करते हैं।

### खादी के कपड़े

हर मौसम के लिए खादी भी एक बेहतर फैब्रिक मानी जाती है। पहले खादी अधेड़ उम्र के लोगों की पहचान मानी जाती थी। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से फैशन जगत में इस को लेकर काफी एक्सपेरिमेंट हुए हैं। यह कोल्ड को बीट करने के लिए काफी अच्छा माना जाता है। आप चाहें तो ट्रेंड के अनुसार खादी से बनी ड्रेसेज पहन सकते हैं।

### लिनेन के कपड़े

लिनेन के कपड़े देखकर ही कितने हल्के और सुकून देने वाले मालूम होते हैं। मगर ये पहनने में भी उतने ही बेस्ट माने जाते हैं। जानकार बताते हैं, कि खादी और सिल्क को मिक्स करके इसे तैयार किया जाता है। हल्का होने के कारण ये पहनने के बाद बोझिल मालूम नहीं होता है। इसको पहनने पर पसीना भी बहुत कम निकलता है।

## हेयर की केयर होगी ऐसी, तो कभी नहीं झड़ेंगे बाल



ज्यादातर लोगों को तनाव के कारण भी हेयर फॉल होता है। अगर आप भी काम की भाग दौड़ के चलते स्ट्रेस में रहती हैं, तो आप मेडिटेशन का सहारा लें। इससे तनाव से मुक्ति मिलेगी और हेयर लॉस की समस्या भी कम होगी। साथ ही यह ओवरऑल हेल्थ के लिए भी फायदेमंद साबित होगा।

एक्सपर्ट के मुताबिक आजकल लोग लो कैलोरी फूड पर ज्यादा रहते हैं। इस वजह से भी हेयर फॉल हो सकता है। एक्सपर्ट लो कैलोरी फूड की जगह प्रोटीन और आयरन रिच खाद्य पदार्थों का सेवन करने की सलाह देती हैं। प्रोटीन और आयरन से भरपूर फूड्स रेड ब्लड सेल्स के जरिए हेयर फॉलिकल्स तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाता है, इससे बाल जड़ से मजबूत बनते हैं और स्वस्थ रहते हैं, तो आज से ही आप प्रोटीन और आयरन रिच फूड खाना शुरू कर दें।

दही और अलसी का सेवन करने से आपकी हेयर फॉल की समस्या दूर हो सकती है। अलसी यानी की फ्लैक्सीड से आपको ओमेगा 3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट मिलेगा और दही से प्रोटीन और प्रोबायोटिक मिलेंगे। यह दोनों कांबिनेशन आपके फैट सॉल्युबल विटामिन को अब्जॉर्ब करने में मदद करेंगे,जो आपकी रूट को नरिश करते हैं।

अगर आप बालों को सुंदर दिखाने के लिए हिट स्टाइलिंग या कर्लिंगकरती है तो इसे आज से ही बंद कर दें आपके बाल इससे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो सकते हैं और हेयर फॉल की समस्या और भी ज्यादा बढ़ सकती है। आप अपने नेचुरल हेयर को ही अप्रिशिएट करें।इससे आप हेयर फॉल की समस्या से बच सकती हैं।<एक्सपर्ट के मुताबिक अगर आप पोनीटेल हेयर स्टाइल करती हैं, तो इससे आपको नुकसान हो सकता है। टाइट चोटी बनाने से बालों की जड़ों पर जोर पड़ता है और यह बाल झड़ने का कारण बन सकता है। ऐसे में पोनीटेल की जगह पर ढीले हेयर स्टाइल बनाएं या फिर बालों को खुला भी रख सकती हैं।

कार्नर न्यूज

## प्लस साइज को कपड़े खरीदने में आती है दिक्कत, टिप्स को करें

# प्लस साइज फिगर सपना नहीं हकीकत इस तरह ट्राई करें आउटफिट्स

जिन लड़कियों को ये लगता है कि प्लस साइज होने के बाद वो खूबसूरत नहीं दिख सकती तो ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। अगर वो अपने स्टाइल लुक को चेंज करेंगी तो वो पहले से ज्यादा सुंदर लग सकती हैं। क्योंकि जब तक आप सही तरीके से आउटफिट कैरी नहीं करेंगी आप खूबसूरत नहीं लगेंगी। अगर आपको अपना कॉन्फिडेंस वापस लाना है तो इसके लिए आपको अपने लुक्स का मेकओवर करना होगा। इसके लिए यहां बताए गए टिप्स आपके काम आएंगे।



### स्लीवलेस कपड़ों को इस तरीके से करें स्टाइल

अगर आप स्लीवलेस कपड़े पहनने से घबराती हैं कि कही हाथ मोटे न लगे, तो अब आपको इसकी चिंता करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आप इन्हें स्टाइल कर सकती हैं वो भी बहुत ही अलग अंदाज में। इसके लिए आपको जरूरत है उसके ऊपर पहनने वाले श्रग या फिर लॉन्ग कोट की। ये हर एक आउटफिट के साथ अच्छे से जाते हैं। साड़ी के साथ आप लॉन्ग कोट पहन सकती हैं। कोई ड्रेस स्टाइल कर रही हैं तो इसके साथ श्रग काफी अच्छा लगेगा। इससे आपके हाथों का मोटापा भी नहीं दिखेगा। इस तरीके से आउटफिट को स्टाइल करें आप पहले से ज्यादा खूबसूरत दिखेंगी।

### ब्लाउज को इस तरीके से करें स्टाइल

अगर आप लहंगा या साड़ी वियर कर रही हैं तो इसके लिए सबसे बेस्ट ऑप्शन है कि आप अपने ब्लाउज को थोड़ा लंबा बनवाएं। इससे आपका बैली फेट छुप जाएगा। वरना आप बाजार (टॉप डिजाइन) में मिलने वाले ब्लाउज को भी वियर कर सकती हैं। इसमें आप अलग-अलग तरह के नेकलाइन डिजाइन और बैक डिजाइन क्रिएट कर सकती हैं। इनकी खास बात ये होती है कि इसे पहनने के बाद आप खूबसूरत भी लगती हैं और किसी को लगता भी नहीं हैं कि आप मोटी हैं।

